cmyk



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित



डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17

5 लियोनेल मेसी कानूनी विवाद में फंसे | सम्पादकीय लत के साथ जीना: संघर्ष, ताकत.... | बैंक फ्रॉड मामले में अनिल अंबानी को राहत नहीं 5

वर्ष 20 ● अंक 56 ई-पेपर के लिए लॉगइन करें -www.hindustanexpress.online | भोपाल, शुक्रवार 17 अप्रैल 2026 | email - hindustanexpressbhopal@gmail.com | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## विपक्ष क्रेडिट ले, ब्लैंक चेक देने को तैयार : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को महिला आरक्षण बिल से जुड़े संशोधनों पर कहा कि परिसीमन में किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है और वादा है। विपक्ष इसका क्रेडिट ले सकता है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि एक नैरेटिव गढ़ा जा रहा है कि 3 बिलों से साउथ के राज्यों की लोकसभा सीटें कम हो जाएंगी। उन्होंने कहा, 'लोकसभा की कुल 543 सीटों में दक्षिण राज्यों की 129 सीटें हैं। परिसीमन के बाद यह बढ़कर 195 हो जाएंगी। तमिलनाडु की सीटें 39 से बढ़कर 59 होंगी।' प्रियंका गांधी ने कहा, 'वे (पीएम) कह रहे हैं कि उन्हें इसका श्रेय नहीं चाहिए। मैं कहती हूं कि बार-बार बहकाने वाले पुरुषों को महिलाएं पहचान लेती है। सावधान हो जाइए नहीं तो पकड़े जाएंगे।'

बिलों पर चर्चा के लिए 16 और 17 अप्रैल को 15 घंटे का समय तय किया गया है। कल शाम 4 बजे वोटिंग



की जाएगी। संशोधन बिल में लोकसभा सांसदों की संख्या 850 करने का प्रस्ताव है। यहां कुछ लोगों को लगता है, इसमें कहीं न कहीं मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। इसका अगर विरोध करेंगे तो स्वभाविक है कि राजनीतिक लाभ मुझे होगा। अगर साथ चलेंगे तो किसी को भी नहीं होगा। फिर अलग पहलू हो जाता है। हमें क्रेडिट नहीं चाहिए जैसे ही पारित हो जाए तो मैं एड देकर सबको धन्यवाद देने तैयार हूं। सबकी फोटो छपवा देंगे। ले लो जी क्रेडिट। सामने से क्रेडिट का ब्लैंक चेक आपको दे रहा हूं। अगर गांरटी शब्द चाहिए तो मैं वह शब्द भी उपयोग करता हूं, वादा की बात करते हो तो उसे भी इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई शब्द हो तो मैं उसे भी कहता हूँ। क्योंकि जब नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की जरूरत नहीं है। हमारे यहां परंपरा है कि अच्छे काम में किसी की नजर न लगे इसके लिए काला टीका लगाते हैं, इसलिए मैं आपका (डीएमके) धन्यवाद करता हूं। दरअसल, पीएम ने डीएमके का नाम लिए बिना जिक्र किया। डीएमके सांसद आज परिसीमन बिल का विरोध करने के लिए काले कपड़े पहनकर संसद पहुंचे थे। हम भ्रम में न रहें, हम अहंकार में न रहें। यहां मैं और तुम की बात नहीं कर रहा हूं। हम हम देश की नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। ये उनका हक है। और हमने कई दशकों से उनको रोका है। आज उसका प्रायश्चित करके उस अपराध से मुक्ति पाने का अवसर है।

## जनगणना देश के विकास की नींव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया का ऑनलाईन आरंभ**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि 16 अप्रैल से प्रदेश में जनगणना का शुभारंभ हो रहा है। यह सिर्फ आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि हमारे राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। जनगणना देश की रीढ़ है, यह विकास की नींव है। इस बार की जनगणना डिजिटल और आधुनिक तकनीक के साथ हो रही है। प्रदेशवासियों को इसमें पूर्ण निष्ठा और सत्यता के साथ भाग लेना चाहिये। यह जनगणना हमारे बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रदेश में 16 से 30 अप्रैल तक ऑनलाईन स्व-गणना का कार्य होगा। एक से 30 मई तक मकान सूचीकरण होगा। यह प्रक्रिया डिजिटल रूप से होगी। मुख्यमंत्री डॉ . यादव ने प्रदेश में जनगणना 2027 की प्रक्रिया के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व-गणना पोर्टल se.census.gov.in पर प्रारंभिक पंजीकरण कर प्रदेश में स्व-गणना प्रक्रिया का शुभारंभ किया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं बल्कि राष्ट्र के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण कदम है। इससे हम जान सकेंगे कि विकास की धारा समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सुगमता से पहुंच रही है या नहीं। यह जनगणना हमारी अगली पीढ़ी के उज्जवल भविष्य के लिए है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि जनगणना में वह सही, सटीक और पूर्ण जानकारी दे। जनगणना में लगे कर्मचारी-अधिकारी राष्ट्र निर्माण का पवित्र कार्य कर रहे हैं। उनका परिश्रम और सटीकता से किया गया कार्य देश के भविष्य को मजबूत बनाएगा। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री अनुपम राजन, कलेक्टर भोपाल श्री प्रियंक मिश्रा, आयुक्त भोपाल नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जनगणना संचालनालय के डिप्टी रजिस्टार जनरल डॉ. विजय कुमार सहित जिला प्रशासन और जनगणना संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री आज करेंगे ओंकारेश्वर में सांस्कृतिक महाकुंभ एकात्म पर्व का शुभारंभ

**दार्शनिक चिंतन, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा का पाँच दिवसीय होगा आयोजन**

**भोपाल।** भारतीय संस्कृति के पुनरुद्धारक और अद्वैत वेदांत के प्रखर प्रणेता आदि गुरु शंकराचार्य की दीक्षा स्थली ओंकारेश्वर में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल, 17 अप्रैल शुक्रवार से पाँच दिवसीय 'एकात्म पर्व' का मंगलमय शुभारंभ करेंगे। मांधाता पर्वत की कंदराओं में रचे-बसे 'एकात्म धाम' में आयोजित यह महोत्सव दार्शनिक चिंतन, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनूठा संगम होगा। वैशाख शुक्ल पंचमी के पावन अवसर पर आयोजित इस अनुष्ठान में देश-विदेश के शीर्ष संत, मनीषी और विद्वान सम्मिलित होकर एकात्मता के वैश्विक संदेश को रेखांकित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव अद्वैत लोक एवं अक्षर ब्रह्म प्रदर्शनी का



लोकार्पण करेंगे साथ ही वैदिक अनुष्ठान में भी सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर द्वारका पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती के पावन सान्निध्य तथा विवेकानंद केंद्र की उपाध्यक्ष पद्मश्री निवेदिता भिड़े, स्वामी शारदानंद सरस्वती की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

एकात्म पर्व के महत्वपूर्ण वैचारिक सत्र 'अद्वैतामृतम् - विमर्श सभा' के अंतर्गत अद्वैत दर्शन की समकालीन प्रासंगिकता पर गहन संवाद होगा। विशेष रूप से प्रथम दिन 'अद्वैत एवं Gen-' जैसे आधुनिक विषय पर युवा दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जाएगा। आगामी दिनों में अद्वैत दर्शन का कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पर्यावरण संरक्षण, वैश्विक शांति और सिख संप्रदाय के 'एक ओंकार' के साथ अंतर्संबंधों पर विद्वतापूर्ण चर्चा होगी।

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति श्री जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी 26 को टीएसएस कैंपस में सैनिक स्कूल का शुभारंभ करेंगे





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** सैनिक स्कूल खुलने की बाट जोह रहे ग्वालियर-चंबल अंचल के लोगों के लिए खुश खबर है कि आगामी 26 अप्रैल को मुरैना के टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल में नए सैनिक स्कूल का शुभारंभ होगा। जिसका उद्घाटन सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधिपति श्री जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी द्वारा किया जाएगा।

यह जानकारी टीएसएस इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन सुरेन्द्र प्रताप सिंह सिकरवार, सैनिक स्कूल सोसायटी के नायक अकबर खान ने 16 अप्रैल को प्रेसवार्ता में दी। प्रेसवार्ता में टीएसएस स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती शिखा श्रीवास्तव भी उपस्थित थीं। संस्था के चेयरमैन श्री सिकरवार ने बताया कि सैनिक स्कूल का संचालन पीपीपी मोड पर सैनिक स्कूल सोसायटी के अधीन होगा। रीवा सैनिक स्कूल के मार्गदर्शन में मुरैना के इस सैनिक स्कूल का संचालन किया जाएगा। पीपीपी मोड पर शुरू हो रहे सैनिक स्कूल का मैनेजमेंट टीएसएस स्कूल प्रबंधन के जिम्मे रहेगा, जबकि एकेडमिक एवं फिजिकल एक्टिविटी की सभी व्यवस्थाएं सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा की जाएगीं। नायक अकबर खान ने बताया कि 15 जून 2026 से इस नए सैनिक स्कूल में एकेडमिक सेशन शुरू हो जाएगा।

**एनटीए के माध्यम से हर साल होंगे 80 सीटों पर एडमिशन**

टीएसएस के चेयरमेन सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि सैनिक स्कूल सोसायटी द्वारा मुरैना के सैनिक स्कूल के लिए 80 सीटें आवंटित की गई है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा प्रतिवर्ष प्रवेश परीक्षा के माध्यम से चयनित 80 छात्र-छात्राओं को एडमिशन दिया जाएगा।

**टीएसएस स्कूल के स्टूडेंट के लिए 20 प्रतिशत सीटें रिजर्व**

श्री सिकरवार ने बताया कि पीपीपी मोड के तहत मुरैना के सैनिक स्कूल में प्रतिवर्ष होने वाले नए एडमिशन में टीएसएस स्कूल के स्टूडेंट के लिए 20 प्रतिशत सीटें रिजर्व रहेंगी, अर्थात 2027 शैक्षणिक सत्र से टीएसएस स्कूल के 16 छात्रों को सैनिक स्कूल में दाखिला मिल सकेगा।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया के प्रयासों से ग्वालियर-दिल्ली-बेंगलुरु और बेंगलुरु-दिल्ली-ग्वालियर हवाई सेवा शुरू

**- ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश की कनेक्टिविटी को मिलेगा नया आयाम, व्यापार और आवागमन होगा अधिक सुगम**

**-बेंगलुरु से बढ़ी कनेक्टिविटी : अकासा एयर की नई उड़ानों के साथ अब सप्ताह में 6 दिन हवाई सेवा**






**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर/नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सत्तत प्रयासों से ग्वालियर के राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट से ग्वालियर-दिल्ली-बेंगलुरु तथा बेंगलुरु-दिल्ली-ग्वालियर हवाई सेवा शीघ्र प्रारम्भ होने जा रही है। इस नई सेवा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सिंधिया ने कहा कि इससे ग्वालियर एवं ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी तथा यात्रियों को प्रमुख शहरों से बेहतर एवं तेज़ आवागमन सुविधा प्राप्त होगी।

जानकारी के अनुसार, अकासा एयर द्वारा इस रूट पर नई उड़ानें शुरू की जाएंगी। वर्तमान में ग्वालियर से इंडिगो की उड़ानें सप्ताह में तीन दिन (मंगलवार, गुरुवार और शनिवार) संचालित होती हैं, जबकि प्रस्तावित



अकासा एयर की नई उड़ानों (सोमवार, बुधवार और शुक्रवार) के साथ अब सप्ताह में छह दिन हवाई सेवा उपलब्ध हो सकेगी। इस सेवा को शुरू कराने के लिए केंद्रीय मंत्री द्वारा निरंतर प्रयास किए गए और एयरलाइन अधिकारियों के साथ कई दौर की चर्चाओं के बाद यह संभव हो सका। बेंगलुरु जैसे प्रमुख आईटी एवं स्टार्टअप हब से ग्वालियर का सीधा जुड़ना क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

**बेहतर हवाई सेवा से क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बल**

उन्होंने कहा कि नई उड़ान सेवा से व्यापार, उद्योग, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को नई गति मिलेगी। दिल्ली और बेंगलुरु जैसे प्रमुख महानगरों से सीधी कनेक्टिविटी मिलने से नागरिकों, व्यवसायियों और विद्यार्थियों को विशेष लाभ होगा तथा आवागमन अधिक सुगम और समयबद्ध हो सकेगा।

**आधुनिक एयरपोर्ट से साकार हुआ विकास का संकल्प**

उन्होंने विश्वास जताया कि आधुनिक एयरपोर्ट के माध्यम से क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर की हवाई सुविधाओं से जोड़ने का संकल्प साकार हो रहा है और यह पहल ग्वालियर के समग्र विकास को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी।

## ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर जंग होगी: अमेरिका

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा।



उन्होंने बताया कि अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन शुरू कर सकती हैं। हेगसेथ ने यह भी कहा कि अमेरिकी सेना राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा। उन्होंने साफ किया कि यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता। वहीं अमेरिकी जनरल डैन केन ने बताया कि अब तक 13 जहाज नाकाबंदी के चलते वापस लौट चुके हैं। इनमें ज्यादातर जहाज नाकाबंदी सीमा के अंदर पहुंचकर लौटे, जबकि एक पहले ही रास्ता बदल गया।

## अमेरिका में परमाणु-स्पेस पर रिसर्च करने वाले 5 वैज्ञानिक गायब

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिका में न्यूक्लियर और स्पेस रिसर्च से जुड़े वैज्ञानिकों की मौत और गुमशुदगी के मामलों पर अब व्हाइट हाउस सवालों के घेरे में है। 2023 से अब तक ऐसे 10 मामले सामने आए हैं, जिनमें वैज्ञानिक या अधिकारी या तो लापता हो गए या संदिग्ध हालात में मरे। बुधवार को व्हाइट हाउस ब्रीफिंग में पहली बार प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट से इन घटनाओं पर सवाल पूछा गया। जवाब में उन्होंने कहा, 'मैंने अभी संबंधित एजेंसियों से इस बारे में बात नहीं की है। मैं ऐसा करूंगी और आपको जवाब दूंगी। ' उन्होंने आगे कहा, 'अगर यह सही है, तो यह निश्चित तौर पर ऐसी बात है जिसे सरकार जांच के लायक मानेगा। ' उनके इस जवाब के बाद लोगों में नाराजगी देखने को मिली। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सरकारी एजेंसियां इस पैटर्न को गंभीरता से नहीं ले रही हैं या फिर इसे छुपाने की कोशिश कर रही हैं। वैज्ञानिकों के लापता या मौत के सभी मामले अमेरिका की हाई-सिक्योरिटी रिसर्च संस्थाओं से जुड़े बताए जा रहे हैं। इनमें लॉस एलामोस नेशनल लैब, [illegible] का जेट प्रोपल्शन लैब और [illegible] का प्लाज्मा साइंस एंड फ्यूजन सेंटर शामिल हैं। ये संस्थान न्यूक्लियर हथियार, एडवांस्ड प्रोपल्शन और नई ऊर्जा तकनीकों पर काम करते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई लापता वैज्ञानिक अपने घरों से अचानक पैदल निकल गए। उन्होंने फोन, वॉलेट और चाबियां तक पीछे छोड़ दीं। यही पैटर्न कई मामलों में देखा गया है, जिससे संदेह और बढ़ा है। रिटायर्ड एयर फोर्स जनरल विलियम नील मैककैसलैंड का मामला हाल में बहुत चर्चा में रहा। वे 27 फरवरी को अपने न्यू मैक्सिको स्थित घर से गायब हो गए थे। बताया गया कि वे अपने साथ सिर्फ पिस्टल लेकर निकले थे और उनकी पत्नी ने 911 पर कहा कि वे खुद को छिपाने की कोशिश कर रहे थे।




## हाईकोर्ट द्वारा राकेश शिवहरे की सेवा निरंतरता के आदेश जारी

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय मुख्यपीठ जबलपुर द्वारा



निरन्तर उपभोक्ताओं को न्यायदान मिले, इस उद्देश्य के चलते मुरैना जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितौशन आयोग के वरिष्ठ सदस्य राकेश शिवहरे को उपभोक्ता आयोग में निरन्तर पूर्ववत सेवायें देने के आदेश जारी किए हैं।

उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा लंबे समय से जिला आयोगों में नवीन नियुक्ति नहीं होने से जिला उपभोक्ताओं आयोगों में न्यायदान में बाधा आ रही थी, बाधाओं को दूर करने श्री शिवहरे ने मुख्यपीठ से निरन्तर सेवा हेतु निवेदन किया था जिस पर शासन के एडवोकेट जनरल की तमाम आपत्तियों को खारिज करते हुए मान . न्यायमूर्ति श्री विकास घागट द्वारा श्री शिवहरे के वरिष्ठ अधिवक्ता अंकित सक्सेना की दलीलों और उपभोक्ताओं के हित संरक्षण के तथ्यों को उचित मानते हुए मध्य प्रदेश शासन को आदेश दिए हैं कि सरकार द्वारा नवीन नियम एवं नियुक्ति नहीं होती है तब तक राकेश शिवहरे अपने पद पर पूर्व की भांति न्यायिक कार्य करते रहेंगे के सम्बंध में आदेश जारी करें।



# अखिल भारतवर्षीय हैहेय कलचुरि महासभा की राष्ट्रीय महिला इकाई दवारा महिला सशक्तिकरण के लिए देश के विभिन्न भागो में कार्यक्रम प्रारंभ









**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**अमरावती।** कलचुरि -कलाल समाज महिला इकाई द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम ने समाज की महिलाओं की संगठित शक्ति. नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जागरूकता का प्रभावशाली प्रदर्शन कर एक अभूतपूर्व ऐतिहासिक क्षण रचा। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने समाज में परिवर्तन और प्रगति के लिए एकजुट होकर कार्य करने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। अंबानगरी के होटल अमान में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम महिला नेत्रियो ने मार्गदर्शन दिया और यह आयोजन समाज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण के रूप में दर्ज हुआ।

**मुख्य उद्देश्य:** महिला सशक्तिकरण, नेतृत्व विकास, सामाजिक जागरूकता और रोजगार-संबंधी अवसरों का सृजन।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, प्रेरक भाषण और सम्मान समारोह आयोजित किए गए, जिनमें महिलाओं की भूमिका और उनके सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया।

**कार्यक्रम का संचालन और मुख्य क्रियाकलाप**

समारोह की शुरुआत आराध्य देव सहस्त्रार्जुन भगवान की प्रतिमा का पूजन कर, दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन से हुई। राष्ट्रीय महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती पूनम चौधरी गुप्ता और राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती रंजना सूर्यवंशी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को आरम्भ दिया। जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। परंपरा और प्रगतिशील विचारों का सुंदर संगम इस आयोजन की विशेष पहचान रहा।

मुख्य अतिथियों (राष्ट्रीय अध्यक्ष सौ. पूर्णा चौधरी गुप्ता (दिल्ली), राष्ट्रीय महासचिव सौ. रंजना सूर्यवंशी (हैदराबाद), महाराष्ट्र कार्यकारी अध्यक्ष रेखा ताई पिंगळे, जिला अध्यक्ष अनु पेठे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छाया पेठे एवं जिला प्रभारी प्रतिमा मालवीय की गरिमामयी ) ने अपने उद्बोधन में महिलाओं को शिक्षा, आत्मनिर्भरता, अधिकारों की जागरूकता और नेतृत्व के माध्यम से समाज में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया एवं मुख्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं।

कार्यक्रम का प्रभावी संचालन अध्यक्ष रेखा ताई पिंगळे, जिलाध्यक्ष श्रीमती रेखा मालवीय तथा सूत्र संचालन श्रीमती अरुणा राजेश मालवीय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आभार प्रदर्शन ज्योति प्रदीप मालवीय ने व्यक्त किया। आभार प्रदर्शन ज्योति प्रदीप मालवीय ने किया।

श्रीमती सपना मालवीय की किटी पार्टी के कार्यकर्म को विस्तार देते हुए, यहाँ महिला सशक्तिकरण के कार्यकर्म का आयोजन किया गया।

**प्रमुख उपस्थितगण और सम्मान**

अधिवक्ता अंकिता जयसवाल ने महिला संबंधित कानूनों की महत्वपूर्ण जानकारी देकर महिलाओं को जागरूक किया।

**उपस्थित प्रमुख सदस्य:** इस अवसर पर अनु पेठे, सपना मालवीय, रंजना मालवीय, साक्षी मालवीय सहित पूरी महिला टीम ने अथक परिश्रम कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

गरीमामयी सदस्य; अरुणा मालवीय, क्षमा चौकसे, मीनाक्षी राय, रेखा मालवीय, रचना मालवीय, भावना मालवीय, ममता राय, आशा जयसवाल, नीलम दत्ते, नीता मालवीय, लीना चौकसे, निधि राय, सुषमा मालवीय, वर्षा शिखरे, कंचन मालवीय, सुनीता मालवीय, माया मालवीय, अनुराधा मालवीय, सीमा मालवीय, लता कोहले, किरण मालवीय, गीता मालवीय, सविता मालवीय, ओमलता मालवीय, शारिका मालवीय, अंकिता जयसवाल, कविता मालवीय सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

**विशेष सम्मान:** अखिल भारतवर्षीय हैहेय कलचुरी महासभा राष्ट्रीय महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती पूनम चौधरी गुप्ता और राष्ट्रीय महासचिव श्रीमती रंजना सूर्यवंशी ने अमरावती की विशिष्ट बहनों का माल लटके से सम्मान किया और इस कार्यक्रम को करने का सपना महाराष्ट्र प्रदेश महामंत्री अनू पेठे दीदी ने देखा जो उनका सपना साकार हुआ।

**घोषणाएँ और भविष्य की योजनाएँ (महाराष्ट्र इकाई के प्रदेश अध्यक्ष सुनील बलदेव राव द्वारा)**

- आगामी कार्यक्रम में सहयोग; प्रदेश अध्यक्ष सुनील बलदेव राव ने बहनों का हर कार्यक्रम में साथ देने का वादा किया।
- नवंबर में रोजगार मेला; आयोजित करने की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य समाज के पढ़े-लिखे युवाओं को नौकरी और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।
- महिलाओं के लिए मनोरंजन और प्रतिभा विकास प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा, ताकि कौशल विकास और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिले।

**निष्कर्ष**

यह आयोजन कलाल समाज के इतिहास में एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायी क्षण के रूप में दर्ज हुआ है। महिलाओं की एकजुटता और नेतृत्व क्षमता ने समाज में परिवर्तन का ठोस संदेश दिया है। अमरावती का यह समारोह महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ठोस कदम साबित हुआ और आगे के कार्यक्रमों के लिए सकारात्मक उम्मीदें जगाई हैं।


उक्त जानकारी हरिराम राय (राष्ट्रीय सचिव, कार्यालय एवं मीडिया प्रभारी), बीरेंद्र पप्पू राय (प्रदेश महासचिव, कार्यालय) अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरि महासभा ने दी।

# भारतीय न्याय संहिता से स्वदेशी कानून का उदय

-एडवोकेट दिनेश चंद सागर-

**-न्याय दर्पण -**

भारत की न्यायिक व्यवस्था में 01 जुलाई, 2024 का सूर्योदय केवल कानूनों के नाम परिवर्तन साक्षी नहीं था, बल्कि यह औपनिवेशिक मानसिकता के त्याग और भारतीय 'स्वदेशी कानून' के उदय का प्रतीक था। भारतीय न्याय संहिता (BNS) ने 163 साल पुराने 'इंडियन पीनल कोड' (IPC) को प्रतिस्थापित करते हुए एक ऐसी दार्शनिक नींव रखी है, जो हमारी न्याय प्रणाली को 'दंड' (Retribution) से 'कर्तव्य' (Duty) की ओर ले जाती है। इस विधायी बदलाव के केंद्र में जो सबसे क्रांतिकारी प्रावधान है, वह है–'सामुदायिक सेवा' (Community Service)।



BNS की धारा 4(f) के तहत पहली बार 'सामुदायिक सेवा' को एक मुख्य दंड के रूप में मान्यता दी गई है। यह केवल एक प्रक्रियात्मक संशोधन नहीं है, बल्कि एक सुधारात्मक क्रांति है, जिसका उद्देश्य अपराधी को समाज से काटने के बजाय उसे समाज की सेवा के माध्यम से सुधारना है।

**दंड शास्त्र में बदलाव: प्रतिशोध से सुधार तक**

एक सदी से भी अधिक समय तक, IPC ने अपराधी को केवल एक ऐसे तत्व के रूप में देखा जिसे समाज से अलग-थलग करना ही न्याय था। इसका परिणाम यह हुआ कि हमारी जेलें अपनी क्षमता से बहुत अधिक भर गईं और ये सुधार गृह बनने के बजाय अक्सर 'अपराध के शिक्षण केंद्रों' में तब्दील होने लगीं।

भारतीय न्याय संहिता इस चक्र को तोड़ती है। सामुदायिक सेवा को दंड के रूप में अपनाकर विधायिका ने यह स्वीकार किया है कि 'छोटे' या 'अहिंसक' अपराधों के लिए जेल की कालकोठरी एक प्रतिगामी समाधान है। यह प्रावधान सुधारात्मक सिद्धांत पर आधारित है, जो मानता है कि एक व्यक्ति को उस समाज के प्रति जवाबदेह बनाकर सुधारा जा सकता है जिसका उसने अहित किया है। संत कबीर दास ने अपने दोहों में अंतर्मन के परिवर्तन पर बल दिया है–यह सजा भी उसी 'मानसिक परिवर्तन' का एक कानूनी जरिया है।

**कार्यप्रणाली: क्या है सामुदायिक सेवा?**

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) सामुदायिक सेवा को 'अदालत द्वारा आदेशित ऐसे कार्य' के रूप में परिभाषित करती है, जिसके लिए अपराधी को कोई पारिश्रमिक नहीं मिलेगा। BNS के अंतर्गत इस सुधार को कुछ प्रमुख श्रेणियों में स्पष्ट रूप से लागू किया गया है:

छोटी चोरी (धारा 303): यदि कोई व्यक्ति 5,000 से कम की चोरी करता है और वह पहली बार का अपराधी है, तो उसे जेल के बजाय 'सामुदायिक सेवा' दी जा सकती है। यह 'गरीबी के अपराधीकरण' को रोकता है।

**लोक सेवक को रोकने के लिए आत्म-हत्या का प्रयास (धारा 226):** यहाँ कानून दंडात्मक होने के बजाय सहानुभूतिपूर्ण है, ताकि व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा में वापस लाया जा सके।

**सार्वजनिक स्थान पर नशे में हंगामा (धारा 355):** अब अपराधी को जेल के बजाय सार्वजनिक पार्कों की सफाई या सामुदायिक केंद्रों में सेवा जैसे कार्य करने पड़ सकते हैं।

**मानहानि (धारा 356):** यहाँ सेवा का आदेश देकर अपराधी को 'नैतिक क्षतिपूर्ति' करने का अवसर दिया जाता है।

**आर्थिक और सामाजिक लाभ**

व्यक्तिगत सुधार के अलावा, सामुदायिक सेवा राज्य के लिए भी वरदान है। यह जेलों का बोझ कम करती है और राजकोषीय बचत सुनिश्चित करती है। जेल की सजा एक 'सामाजिक कलंक' बन जाती है, जबकि सामुदायिक सेवा अपराधी को अपनी आजीविका और पारिवारिक संबंधों को बनाए रखते हुए प्रायश्चित करने का मौका देती है।

**न्यायिक मिसाल और 'विकसित भारत @ 2047'**

हमारे न्यायालयों ने भी इस दिशा में मिसालें पेश की हैं। सोलेमेन एसके बनाम पश्चिम बंगाल राज्य जैसे मामलों में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने जेल के स्थान पर 'वृक्षारोपण' जैसे सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी है।

जैसे-जैसे हम अपनी स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं, 'विकसित भारत' के लक्ष्य के लिए एक ऐसी न्याय प्रणाली की आवश्यकता है जो जितनी दृढ़ हो, उतनी ही करुणामयी भी हो। IPC से BNS तक का यह सफर एक 'पुलिस राज्य' की मानसिकता से 'कल्याणकारी राज्य' की वास्तविकता की ओर संक्रमण है। आइए, हम इस नए सुधारात्मक कदम का स्वागत करें–केवल कानून के बदलाव के रूप में नहीं, बल्कि 'सजा' पर 'संस्कृति' की विजय के रूप में।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम से राजनीति में महिलाओं का कद और भागीदारी बढ़ेगी: अपनेश सिंह

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** भारतीय जनता पार्टी विधानसभा दिमनी मंडल के पूर्व मीडिया प्रभारी ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' (महिला आरक्षण विधेयक) का पुरजोर स्वागत करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक मील का पत्थर बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस ऐतिहासिक निर्णय से देश भर की महिलाओं में भारी उत्साह और खुशी की लहर है।



अपनेश सिंह तोमर ने कहा कि यह विधेयक संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगा, जिससे नीति-निर्धारण में महिलाओं की सीधी और प्रभावी भूमिका सुनिश्चित होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह बिल न केवल राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाएगा, बल्कि समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण को सकारात्मक रूप से बदलने में भी एक सशक्त माध्यम साबित होगा।

पूर्व मीडिया प्रभारी ने आगे कहा– 'किसी भी प्रगतिशील समाज की पहचान उसकी महिलाओं की स्थिति से होती है। आज महिलाएं शिक्षा, खेल, व्यवसाय और विज्ञान जैसे हर क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। अब यह आरक्षण विधेयक उन्हें राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए एक मजबूत सुरक्षा चक्र और प्रोत्साहन प्रदान करेगा।

# पुलिस का विशेष चेकिंग अभियान

## वाहन चालकों से वसूला गया 4200 रुपये का जुर्माना

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/जौरा।** वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर एसडीओपी नितिन बघेल, नगर निरीक्षक ओपी रावत के निर्देशन में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। 16 अप्रैल को एमएस रोड पर सब इंस्पेक्टर उपेंद्र पाराशर एवं सत्यम उपाध्याय, सरदार सिंह, सपनेश सिंह सिकरवार आदि पुलिसकर्मियों की टीम ने विशेष चेकिंग अभियान के तहत वाहनों की चेकिंग की गई, जिसमें बिना नंबर के ट्रैक्टर लोडिंग वाहन सहित अन्य वाहनों को भी देखा गया। इस दौरान जिन वाहनों पर विशेष का ट्रैक्टर-ट्रॉली पर नंबर अंकित नहीं थे। चालकों पर ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं थे। उनसे मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी वसूला गया। चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन चालकों को भी हेलमेट लगाने की हिदायत दी गई। उन्हें यह भी समझाया गया कि उन्हें दो पहिया वाहनों पर दो से अधिक लोग नहीं बैठें। यदि दो से अधिक लोग बैठे पाए गए तो उनके विरुद्ध भी चालानी कार्यवाही होगी। एमएस रोड पर आकस्मिक चेकिंग होते देखा कई ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों ने अपने-अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली को काफी दूरी खड़ा कर लिया। कई चालक दूसरे रास्ते से अपने वाहनों को निकालने का प्रयास करते हुए भी देखे गए। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट का उल्लंघन करने वाले चालकों से 4200 रुपए का जुर्माना भी वसूला गया।



**इनका कहना है:**

सब इंस्पेक्टर उपेंद्र पाराशर का कहना है कि वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वाहन चेकिंग की गई। विशेष कर बिना नंबर के ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों से जुर्माना भी वसूला गया।

# UG Films द्वारा IITTM कॉलेज, ग्वालियर में फिल्म 'छोरी चंदा' की शूटिंग का शुभारंभ






**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** UG Films के बैनर तले निर्मित बहुप्रतीक्षित फिल्म 'छोरी चंदा' की शूटिंग आज ग्वालियर के प्रसिद्ध IITTM कॉलेज परिसर में भव्य रूप से प्रारंभ हुई। शूटिंग के मुहूर्त शॉट अवसर पर IITTM के निदेशक आलोक शर्मा ने क्लैप देकर फिल्म की शूटिंग का विधिवत शुभारंभ किया। इस शुभ अवसर पर अतुल अधोलिया (अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य, संस्कार भारती), चंद्रशेखर बरुआ (प्रबंधक, IITTM), गगन चतुर्वेदी (फाइनेंस विभाग, IITTM) विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



फिल्म के वरिष्ठ कलाकारों में रविंद्र जगताप, बंटी विजय शर्मा सहित कलाकार शिवानी शर्मा, विकास बघेल, निशु सिकरवार, अंजली चौरसिया, प्रियांशु सिंह भदौरिया भी उपस्थित रहे। शूटिंग टीम में कैमरामैन ऋषिराज गर्ग, असिस्टेंट डायरेक्टर राज आर्यन सिंह, तथा कैमरा सहयोगी प्रदीप नरवरिया और देवेश बाथम सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

आज IITTM के सुंदर एवं सुव्यवस्थित परिसर में फिल्म के कुल तीन महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग की गई, जिसमें क्लासरूम, कॉरिडोर तथा कैंटीन के दृश्य शामिल रहे। कैंटीन संचालक राकेश जी का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक उमेश गोंहजे ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं कॉलेज प्रबंधन का हृदय से आभार व्यक्त किया तथा कहा कि IITTM कॉलेज का सहयोग फिल्म निर्माण में अत्यंत प्रेरणादायक रहा है।

# अम्बाह के सम्यक जैन बने डॉक्टर, अमलतास यूनिवर्सिटी दीक्षांत समारोह में मिली एमबीबीएस की डिग्री

## डिग्री लेते समय भावुक हुए विद्यार्थी, केंद्रीय मंत्री ने दिया सेवा भाव से चिकित्सा करने का संदेश

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** नगर पालिका चौराहे पर कलर पैट्स की दुकान करने वाले संजीव जैन बॉबी चौधरी के पुत्र सम्यक जैन ने एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उज्जैन रोड स्थित अमलतास मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (अमलतास यूनिवर्सिटी) में आयोजित दीक्षांत समारोह में उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई। डिग्री प्राप्त करते समय सम्यक जैन सहित कई विद्यार्थियों की आंखें भावुक हो उठीं और वर्षों की मेहनत के बाद यह पल उनके लिए यादगार बन गया। समारोह में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार खटीक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉक्टर का पेशा सेवा का कार्य है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सेवा भाव से मरीजों का उपचार करना चाहिए और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। साथ ही उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने की सीख देते हुए कहा कि नशा परिवार और समाज दोनों के लिए घातक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों को डॉक्टर एवं पैरामेडिकल की डिग्रियां प्रदान की गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। समारोह के अंत में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों और माता-पिता के प्रति आभार व्यक्त किया। वही अंबाह के सम्यक जैन की इस सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और उन्हें लगातार बधाइयां मिल रही हैं।



# सीबीएसई 10वीं के परिणाम में करण इंटरनेशनल स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना/अम्बाह।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में करन इंटरनेशनल स्कूल ने इस वर्ष शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र और विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय के प्रमुख विद्यार्थियों में दिव्यांश वर्मा ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, प्रिंस तोमर और अजय बघेल ने 95-95 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं साक्षी तोमर ने 91 प्रतिशत तथा दिव्यम राठौर ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस वर्ष कुल 26 विद्यार्थियों ने 74 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, जो विद्यालय में दी जा रही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय के संचालक कपिल सिंह तोमर ने इस उत्कृष्ट परिणाम पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। साथ ही उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।





# जिला अभिरुचि केंद्र एवं निःशुल्क शीतल पेयजल सेवा शिविर की बैठक सम्पन्न

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** भारत स्काउट एवं गाइड, मध्यप्रदेश जिला संघ मुरैना के तत्वावधान में 16 अप्रैल को दोपहर 1:00 बजे जिला संघ कार्यालय, मुरैना पर जिला अभिरुचि केंद्र एवं ग्रीष्मकालीन निःशुल्क शीतल पेयजल सेवा शिविर के सफल संचालन हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष डॉ. विवेक राठी रहे, अध्यक्षता जिला मुख्य आयुक्त गिर्राज सिंह यादव द्वारा की गई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सहायक राज्य संगठन आयुक्त वीरसिंह यादव उपस्थित रहे। बैठक का शुभारंभ स्काउट-गाइड प्रार्थना के साथ किया गया तथा बैठक का संचालन जिला सचिव शेखर सिंह यादव द्वारा किया गया।



बैठक में अवगत कराया गया कि भारत स्काउट एवं गाइड, जिला संघ मुरैना के वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर एवं शहर के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन निःशुल्क शीतल पेयजल सेवा शिविर का संचालन किया जाएगा। यह शिविर रेलवे स्टेशन मुरैना के प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 पर नवीन एवं व्यवस्थित रूप से संचालित किया जाएगा, जिससे यात्रियों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शीतल पेयजल सेवा शिविर का संचालन दिनांक 1 मई 2026 से 30 जून 2026 तक किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन हेतु जिला सचिव शेखर सिंह यादव को संचालक का दायित्व सौंपा गया। प्रदेश पदाधिकारी डॉ. ओपी गुप्ता , वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमृतलाल यादव संचालक पूर्ण रूप से सहयोग करने का वादा किया, साथ ही सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि सहायक संचालक के रूप में डॉ. राकेश कुमार शर्मा एवं श्रीमती मधुलता तोमर को श्री शेखर सिंह यादव के सहयोग हेतु नियुक्त किया गया।

वहीं, जिला अभिरुचि केंद्र के संचालन हेतु श्रीमती बिन्दु सोलंकी को संचालक नियुक्त किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. विवेक राठी ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के प्रति स्काउट-गाइड की जिम्मेदारी और सेवा भावना को दर्शाते हैं तथा यह कार्य मानव सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण है। विशिष्ट अतिथि सहायक राज्य संगठन आयुक्त वीरसिंह यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्काउट-गाइड आंदोलन का मूल उद्देश्य सेवा, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण है। इस प्रकार के शीतल पेयजल सेवा शिविर युवाओं में सेवा भावना विकसित करते हैं और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराते हैं।

अध्यक्षता कर रहे श्री गिर्राज सिंह यादव ने कहा कि भीषण गर्मी के समय इस प्रकार के सेवा शिविर यात्रियों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं और सभी स्काउट-गाइड सदस्यों को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए।

# जिला चिकित्सालय मुरार में अत्याधुनिक प्राइवेट वार्डों का शुभारंभ

**ग्वालियर।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और आमजन को निजी अस्पतालों जैसी उच्च स्तरीय सुविधाएं सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध कराने की दिशा में आज एक और आयाम जुड़ा है। प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की कड़ी में जिला चिकित्सालय मुरार में नवनिर्मित अत्याधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त प्राइवेट व सेमी-प्राइवेट वार्डों का गुरुवार को शुभारंभ हुआ।

परंपराओं से हटकर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने एक प्रेरक पहल की। उन्होंने इन वार्डों का फीता स्वयं न काटकर, वहां तैनात होने जा रहीं नर्सों व सफाई मित्रों के हाथों से फीता कटवाकर शुभारंभ करवाया।



अस्पताल की असली ताकत उसका सेवाभावी स्टाफ होता है। इसी भाव के साथ अस्पताल स्टाफ को यह सम्मान दिया गया है । जिला चिकित्सालय में मरीजों की और बेहतर देखभाल के लिए प्राइवेट वार्ड में विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। जिसमें सिंगल बेड 4 वार्ड और 4-4 बेडेड 2 सेमी-प्राइवेट वार्ड तैयार किए गए हैं। इन वार्डों में मरीजों को किफायती दर पर बेहतर स्वास्थ्य वातावरण मिलेगा। इन वार्डों में बेहतर वेंटिलेशन, अटेंडेंट के बैठने की व्यवस्था और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि जिले में भी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिला अस्पताल को अब इस तरह विकसित किया जा रहा है कि मध्यम वर्गीय परिवारों को निजी अस्पतालों की ओर न भागना पड़े।

मुरार जिला चिकित्सालय में इन वार्डों के शुरू होने से अब मरीजों को ष्प्रीमियम हेल्थकेयरष् का अनुभव मिल सकेगा। कार्यक्रम के दौरान अपर कलेक्टर कुमार सत्यम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सचिन श्रीवास्तव, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. आर.के. शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक एवं प्रबंधक राजेश बिरथरिया उपस्थित रहे। डॉ. शर्मा ने बताया कि इन वार्डों के संचालन के लिए स्टाफको विशेष ब्रीफिंग दी गई है ताकि मरीजों को त्रुटिहीन सेवा मिल सके।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम नेतृत्व का नया अध्याय: कलेक्टर श्रीमती चौहान

**ग्वालियर ।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून भर नहीं बल्कि देश की नीति-निर्धारण में महिलाओं की समान भागीदारी सुनिश्चित करने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। यह अधिनियम हमारे आत्म सम्मान और राजनैतिक अधिकार का उदघोष भी है। यह अधिनियम महिलाओं के नेतृत्व कौशल से देश को नई ऊचाँइयों पर ले जाएगा। यह बात जिला प्रशासन द्वारा जीवाजी विश्वविद्यालय के अटल सभागार में आयोजित नारी शक्ति वंदन संगोष्ठी में कलेक्टर श्रीमती रूचिका चौहान ने दी।

संगोष्ठी में कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं के निर्णय लेने और नीति निर्धारण का अधिकार मिलने जा रहा है। लाखों करोड़ों घरों को चलाने वाली महिलाओं का अब इस अधिनियम के



माध्यम से संसद और विधानसभा में प्रतिनिधित्व होगा। संगोष्ठी में पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम से पूरे देश के साथ ग्वालियर की महिला भी उत्साहित है। अब पंचायतों और नगरीय निकायों की तरह संसद और विधानसभाओं में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। इस अधिनियम के माध्यम से अब बेटियाँ भी देश को आगे बढाने में मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री विदिता डागर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम वास्तव में समाज व देश के निर्माण के लिये विभिन्न मोर्चों पर सफ्लता पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहीं नारी शक्ति का वंदन है। आरंभ में दीप प्रज्जवलन कर अतिथियों ने संगोष्ठी का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजौरिया, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय की कुलगुरु प्रोफेसर स्मिता सहस्त्रबुद्धे, एलएनआइपी की कुलगुरु डॉ कल्पना शर्मा, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कृष्णकांता तोमर, समाजसेविका सुश्री मीनाक्षी पिशवे, समाजसेवी श्रीमती नीलिमा शिंदे, अधिवक्ता श्रीमती चित्रा बैस, डीआरडीई की वैज्ञानिक डॉ मनीषा सेठी, चिकित्सक डॉ बिंदु सिंघल, महिला हॉकी कॉच श्रीमती वंदना उइके, सीएसपी श्रीमती हिना खान, समाजसेवी श्रीमती अंजली गुप्ता बत्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण शामिल हुए।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम मील का पत्थर साबित होगा: डा. वंदना भूपेन्द्र प्रेमी

**ग्वालियर।** विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वंदन पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती जी को माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में बेटी है तो कल है सामाजिक संस्था की संयोजक डॉ. वंदना भूपेन्द्र प्रेमी उपस्थित रहीं।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल महिलाओं का सम्मान करना नहीं, बल्कि समाज में उनके अधिकारों, शिक्षा और स्वावलंबन के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। उन्होंने कहा कि ÷बेटी केवल परिवार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज का भविष्य है।÷ जब तक बेटियों को समान अवसर और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक समाज का समग्र विकास संभव नहीं है और इसी दिशा में नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

# ग्वालियर की सांई विहार कालोनी में गंदगी का अंबार





**- गंदे पानी व दुर्गंध से लोग परेशान**

**- नगर निगम बेखबर, लोगों का जीना मुहाल**

**ग्वालियर।** शहर की सांई विहार कालोनी में सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। कालोनी की गलियों में गंदा पानी भरा हुआ है। नालियों में कचरे के ढेर लगे है। जगह जगह गंदगी पसरी होने से पूरे क्षेत्र में भयंकर दुर्गंध फैल रही है। लोगों का जीना मुहाल हो गया है। जबकि नगर निगम बेखबर है।

हम बात कर रहे है सिकंदर कंपू स्थित वार्ड 65 के सांई विहार कालोनी की। गोकुलपुरा कल्लू चक्की के पास तीनों मार्ग अवरूद्ध है। गलियों में गंदा पानी भरा है, जहां से निकलना हर किसी के लिये चुनौती बना हुआ है, क्योंकि गंदे पानी से दुर्गन्ध उठ रही है। नालियां चौक बनी हुई है। इसी तरह कचरे के ढेर लगे हुये है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा सी गई है। आखिर यहां के रहवासियों का जीना मुश्किल हो गया है।

गंदगी के कारण मच्छर मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा उत्पन्न हो गया है। सांई विहार कालोनी और गोकुलपुरा के लोगों का आरोप है कि खाली प्लाट कचरा फेंकने का अडडा बन गया है। रहवासियों की मांग है कि गंदा पानी सड़कों पर न आये इसके लिये नालियों की सफाई नियमित कराई जाये। साथ ही कचरा फेंकने वालों पर जुर्माना लगाया जाये। यदि समस्या का समाधान नहीं होता है तो कालोनीवासी शीघ्र प्रदर्शन करेंगे।

***लोगों ने कहा***

गोकुलपुर सांई विहार कालोनी के रहने वाले राधेश्याम ने कहा कि नगर निगम की गाड़ी नियमित नहीं आती है। कई बार शिकायत कर चुके है फिर भी सुनवाई नहीं होती। वहीं वृद्ध महिला शांति बाई ने कहा कि खाली प्लाट में कचरे के ढेर है, जहां से कई गंभीर बीमारियां पनप रही है। नालियां चौक है और सड़कों पर गंदा पानी भर रहा है। यही सबसे बड़ी समस्या की जड़ है।

# मंदिर की गद्दी को लेकर कलह, महंत को मारे चाकू, मामला संदिग्ध

**ग्वालियर।** एक मंदिर के महंत पर चाकू से हमले का संदिग्ध मामला सामने आया है। घायल महंत उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती है। घटना सिरोल थाना क्षेत्र के पुतलीघर के पास बाग वाले हनुमान मंदिर पर बुधवार रात करीब 11 बजे की है। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में मामला संदिग्ध है, क्योंकि जिस पर हमला करने का आरोप है, वह घर में सोते मिला है। वहीं मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों के डीवीआर बंद हैं। इससे हमले की कहानी में पुलिस को पेच नजर आ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



सिरोल थाना क्षेत्र के पुतलीघर के पास बाग वाले हनुमान का मंदिर है। यहां पर पूजा अर्चना योगेन्द्र महाराज द्वारा की जाती है। बीती रात पुलिस को सूचना दी कि मंदिर पर योगेन्द्र महाराज पर आधा दर्जन के करीब बदमाशों ने हमला किया है और बाबा को चेहरे व सीने में चाकू मारा है। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि उन्हें उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा दिया है। घटना स्थल की जांच के बाद पुलिस अस्पताल पहुंची और पूछताछ की। पुलिस को घायल महंत योगेन्द्र महाराज ने बताया कि वह आराम कर रहे थे कि तभी चंद्रशेखर दास और उनके साथी आए और उनकी मारपीट कर उन पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पुलिस टीम पनिहार चंद्रशेखर दास की तलाश में रवाना की तो चंद्रशेखर दास अपने घर में सोता मिला है। वहीं घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी चेक किए तो पता चला कि डीवीआर का प्लग निकला था, जिससे रिकार्डिंग नहीं हुई है। यह बात पुलिस के गले नहीं उतरी है और मामला संदिग्ध दिख रहा है। बताया गया है कि योगेन्द्र महाराज जिस मंदिर पर महंत हैं, उस पर पहले चंद्रशेखर दास महाराज महंत थे और उनके बीच गद्दी को लेकर विवाद चल रहा है और मामला न्यायालय में है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खेत में फसल ज्यादा होने पर पड़ोसी किसान भड़का

***- गोली मारने की दी धमकी***

ग्वालियर। पड़ोसी के खेत में ज्यादा फसल होना एक पड़ोसी किसान को रास नहीं आया और उसने पड़ोसी किसान के साथ गाली गलौज कर उसे गोली मारने की धमकी दे दी। घटना सिरोल थाना क्षेत्र में बुधवार शाम साढ़े पांच बजे की है। धमकी देने के बाद भी आरोपी रूका नहीं और अपनी लाइसेंसी राइफल लेकर छत पर चढ़ गया और बाहर मिलने पर गोली मारने की धमकी देता रहा। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही आरोपी भाग निकला। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

सिरोल निवासी 35 वर्षीय नरेश सिंह गुर्जर पुत्र सरदार सिंह गुर्जर किसान है। उसके घर के पास देवेन्द्र गुर्जर उर्फ दीपू पुत्र विजय सिंह गुर्जर रहता है और वह भी किसान है और दोनों के खेत बगल-बगल में है। बुधवार की शाम साढ़े पांच बजे नरेश खड़ा हुआ था कि तभी वहां पर देवेन्द्र गुर्जर आया और आते ही उससे पूछा कि तेरे खेत में मेरे से ज्यादा गेहूं कैसे हुआ। जब उसने इसके बारे में बताने में असमर्थता व्यक्त की तो वह गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। जब उसने विरोध किया तो वह अपनी लाइसेंसी राइफल निकाल लाया और छत पर चढकर उसे बाहर मिलने पर जान से मारने की धमकी देने लगा। धमकी के शिकार पीडित ने छिप कर खुद को बचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के आते ही आरोपी वहां से भाग निकला। अब पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है।

# चिरूला चेकपोस्ट पर परिवहन कर्मचारियों की मेहनत रंग लाई

**- पिछले वर्ष की तुलना में 81 प्रतिशत से अधिक राजस्व वसूला**

**ग्वालियर।** परिवहन विभाग की परिवहन चेकपोस्ट चिरूला दतिया ने एक विशेष उपलब्धि हासिल की है। पिछले वर्ष अप्रैल 2025 की तुलना में इस वर्ष अप्रैल 2026 में चिरूला चेकपोस्ट के अधिकारियों और कर्मचारियों की सतत मेहनत रंग लाई और पिछले वर्ष की तुलना में चैकिंग के दौरान चालानी कार्रवाई करते हुये 81 प्रतिशत से ज्यादा का राजस्व अर्जित किया है। चिरूला में पदस्थ परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने चैकिंग के दौरान मशीनी और मैनुअली दोनों प्रकार से चालानी कार्रवाई कर यह उपलब्धि हासिल की है।

परिवहन आयुक्त उमेश जोगा के निर्देश और सुझाव के बाद परिवहन



चेकपोस्ट चिरूला दतिया प्रभारी केके गोस्वामी के नेतृत्व में एक अप्रैल 2026 से परिवहन विभाग के कर्मचारियों ने चिरूला चेकपोस्ट पर बाडीबार्न कैमरा, पीओएस मशीनों और मैनुअली वाहनों की जांच शुरू की। जांच के दौरान 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 26 तक 201 वाहनों के खिलाफचालानी कार्रवाई करते हुये 13 लाख 66 हजार 500 रूपये का राजस्व वसूला गया। जबकि 1 अप्रैल 25 से 15 अप्रैल 25 तक यहां पर 161 वाहनों के चालान के खिलाफ चालानी कार्रवाई कर 7 लाख 54 हजार 500 रूपये का राजस्व वसूला गया था। चिरूला चेकपोस्ट पर पिछले वर्ष की तुलना में 40 वाहनों के खिलाफ अधिक कार्रवाई 6 लाख 12 हजार 500 रूपये की अधिक का राजस्व वसूला गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 81 प्रतिशत से अधिक रहा है। वाहनों की जांच और चैकिंग के दौरान चिरूला प्रभारी केके गोस्वामी और उनकी टीम ने परिवहन आयुक्त के निर्देशों का पालन कर यह उपलब्धि हासिल की है।

# गए थे बेटे की डिग्री लेने, चोर समेट ले गए सूने घर से माल

**ग्वालियर।** बेटे की डाक्टर बनने की डिग्री लेने गए परिवार के सूने घर के ताले चटकाकर चोर नकदी आठ हजार रुपए सहित साढे तीन तोला वजनी सोने व एक किलो चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। घटना पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के त्रम्बकेश्वर कॉलोनी अटल द्वार के पास की है। घटना का पता उस समय चला जब वह वापस आए तो ताले टूटे हुए थे और सामान बिखरा पड़ा था। मामले का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

पुरानी छावनी थाना क्षेत्र के त्रम्बकेश्वर कॉलोनी निवासी ओमप्रकाश वर्मा पुत्र मोडूलाल वर्मा प्राइवेट जॉब करते है और उनके बेटा होशांक वर्मा ने इंदौर से एमबीबीएस की पढ़ाई की है। पढ़ाई पूरी होने के बाद 12 अप्रैल को वह पत्नी गायत्री वर्मा के साथ इंदौर बेटे की डिग्री लेने के लिए गए थे। बुधवार की सुबह वह इंदौर से वापस आए और घर पर पहुंचे तो पता चला कि घर के सभी लॉक टूटे पड़े हुए है। इसका पता चलते ही वह अंदर पहुंचे तो पता चला कि पूरे घर का सामान बिखरा पड़ा है। इसका पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। पीडित ने पुलिस को बताया कि चोर उनके घर से आठ हजार रुपए नकदी, एक सोने की चेन, एक मंगलसूत्र, तीन अंगूठी, एक जोड़ी कुंडल वजनी करीब साढ़े तीन तोला और एक किलो के करीब चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए है। पीडित ने बताया कि एक साल पहले ही उन्होंने मकान का निर्माण कराया है। उन्हें कुछ लोगों पर शंका भी है। अब पुलिस मामले की जांच कर चोरों की तलाश में जुट गई है।

# पीएम श्री विद्यालय का शानदार प्रदर्शन

**- बच्चों ने बनाई पहचान, अधिकारियों ने दी बधाई**





**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल के सत्र 2025-26 का बीते दिन बुधवार को एक साथ कक्षा 10 एवं 12वीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी हुआ। जिसमें निजी विद्यालयों की अपेक्षा शासकीय विद्यालयों का परिणाम शानदार रहा है, तो वही डीआरपी लाइन स्थित पीएम श्री विद्यालय का शानदार प्रदर्शन रहा है और छात्र छात्राओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है। शिक्षा अधिकारियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को बधाई देकर आगे भी इसी तरह मन लगाकर पढ़ाई करते रहने का मनोबल बढ़ाया है।

ताकि जिले एवं प्रदेश का इसी तरह नाम रोशन होता रहे। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मोहिनी उपाध्याय एवं विद्यालय के स्टाफ ने सफल विद्यार्थियों को उनकी मेहनत, लगन, उत्कृष्ट उपलब्धि के लिये बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है। चर्चा के दौरान विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय के प्राचार्य एवं स्टाफ के द्वारा उचित मार्गदर्शन एवं कड़ी मेहनत का प्रतिफल है। यही वजह है कि गौरी शर्मा पुत्री महेन्द्र शर्मा और हर्ष यादव पुत्र मनोज जाटव ने कक्षा 12वीं में मैरिट सूची में सातवीं रेंक लाकर जिले का नाम रोशन किया है।

***12वीं में 65 व 10वीं में 43 बच्चे पास***

पीएम श्री विद्यालय डीआरपी लाइन में जहां दो छात्र छात्राओं ने मैरिट सूची में स्थान प्राप्त किया है। वहीं कक्षा 12वीं में 65 और कक्षा 10वीं में 43 बच्चों ने पास किया है। जिसमे कुल 46 बच्चे प्रथम डिवीजन से पास हुये हैं।

# दुष्कर्म करने वाला इनामी पंजाब से पकड़ा, गया जेल

**ग्वालियर।** तेरह साल की बालिका को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले पांच हजार रूपये के इनामी आरोपी को हजीरा थाना पुलिस ने पंजाब से पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से बालिका को बरामद कर लिया है। पकड़े गए आरोपी की गिरफ्तारी पर पुलिस कप्तान द्वारा पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया है।

सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि फरवरी माह में ट्रिपल आईटीएम में मजदूरी करने आए टीकमगढ़ के परिवार की तेरह वर्षीय बालिका लापता हो गई थी। बालिका के गायब होने का पता चला तो पुलिस जांच करने के लिए पहुंची तो पता चला कि यहां पर काम करने वाला बिहार का तीस वर्षीय युवक सुजीत मंडल पुत्र प्रमोद मंडल भी गायब है। इसका पता चलते ही पुलिस ने बालिका व सुजीत की तलाश की, लेकिन पता नहीं चलने पर बालिका की तलाश के लिए एसएसपी धर्मवीर सिंह ने पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया था।

पुलिस ने बालिका की तलाश की तो पता चला कि आरोपी बालिका को लेकर पंजाब गया है। इसका पता चलते ही एसआई सुमन धाकड़ के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम पंजाब रवाना की। जहां पर दो दिन की पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपी को मोहाली से गिरफ्तार कर बालिका को बरामद कर लिया है। पुलिस बालिका को लेकर ग्वालियर आई और पूछताछ के बाद बालिका ने बताया कि आरोपी ने उसके साथ गलत काम किया है। जिसके बाद पुलिस ने बालिका के बयानों के आधार पर आरोपी पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

***रिजल्ट बिगड़ा तो घर से गायब हुआ छात्र***

**ग्वालियर।** दसवीं कक्षा के छात्र का रिजल्ट आया और नंबर कम मिले। इससे दुखी होकर छात्र बिना बताए घर से कहीं चला गया। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी पिंटो पार्क इलाके की है। छात्र के गायब होने का पता चलते ही परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला, तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने परिजनों की शिकायतों पर अपहरण का मामला दर्ज कर छात्र की तलाश शुरू कर दी है।

गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के सैनिक कॉलोनी निवासी सोलह वर्षीय किशोर कक्षा 10वीं का छात्र है। बीते रोज उसका रिजल्ट आया था, जिसमें उसके काफी कम नंबर मिले थे। रिजल्ट आने के बाद वह गायब हो गया। छात्र के गायब होने का पता चलते ही परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला तो उसके दोस्तों के यहां पर जानकारी कराई, लेकिन वह किसी दोस्त के घर नहीं पहुंचा और इसके बाद नाते-रिश्तेदारों के घर पर तलाशा, लेकिन वह यहां पर भी नहीं मिला। छात्र का पता नहीं चलने पर परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है। नाबालिग छात्र के गायब होने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लिया है और उसकी तलाश में दो पुलिस पार्टी लगाई हैं। एक पुलिस टीम आस-पास के इलाके में सीसीटीवी खंगाल रही है, तो दूसरी टीम रेलवे स्टेशन और बस स्टैण्ड के सीसीटीवी चेक कर रही है।

# स्वच्छता संवाद तानसेन नगर में आज

**ग्वालियर।** स्वच्छता में सभी की सहभागिता हो इसके लिए नगर निगम द्वारा देश का सबसे बड़ा स्वच्छता संवाद आयोजित किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत 17 अप्रैल शुक्रवार को सायं 5 बजे से तानसेन नगर पानी की टंकी पार्क पर स्वच्छता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। नगन निगम द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित स्वच्छता संवाद कार्यक्रम में क्षेत्रीय पार्षद, व्यापारी, सामाजिक संगठन, महिला, युवा सहित विभिन्न वर्गों के लोग शामिल होंगे और अपने शहर ग्वालियर को स्वच्छता में अव्वल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों को लेकर संवाद करेगें।

# सरकार ने स्वच्छ ईंधन प्रणाली को मजबूत किया

**ग्वालियर।** भारत सरकार, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के माध्यम से उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुरक्षा, पारदर्शिता और सिस्टम की अखंडता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए खाना पकाने में इस्तेमाल होने वाले स्वच्छ ईंधन के सिस्टम को मजबूत बना रही है। एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत ने जमाखोरी जैसे गलत तरीकों के खिलाफकार्रवाई तेज कर दी गई है, साथ ही देश भर में बिना रूकावट एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसके अलावा टेक्नोलॉजी के उपयोग एवं वितरण नेटवर्क पर कड़ी निगरानी रखते हुए जवाबदेहिता और सर्विस डिलीवरी में सुधार लाया जा रहा है, जिससे सिस्टम में उपभोक्ताओं का भरोसा और बढ़ रहा है। स्वच्छ ईंधन को सुलभ बनाने के लिए व्यापक नीतियों के तहत पीएनजी इंफ्रास्ट्रक्चर के तीव्र विस्तार से इन प्रयासों को और गति मिली है। उपलब्धता के स्थिर होने के साथ पारदर्शिता बढ़ रही है, उपभोक्ताओं की सोच में एक सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। अब उपलब्धता को लेकर चिंता के बजाए और सेवा की विश्वसनीयता पर उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ रहा है।

# अवैध राइफल और जिन्दा कारतूस के साथ बदमाश पकड़ा

**ग्वालियर।** 315 बोर की बंदूक और जिन्दा कारतूस के साथ महाराजपुरा थाना पुलिस ने एक बदमाश को पकड़ा है। राइफल के साथ किस वारदात को अंजाम देने के लिए बदमाश आया है, इसके लिए पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस को पता लगा है कि हाल ही में युवक ने यह राइफल तस्करों से खरीदी है। तस्कर का पता चलते ही पुलिस की एक टीम उसकी तलाश में रवाना हो गई है। सीएसपी महाराजपुरा नागेन्द्र सिंह सिकरवार ने बताया कि सूचना मिली थी कि एक संदेही युवक डांग गुठीना मार्ग पर देखा गया है और उसके पास एक 315 बोर की बंदूक है। इसका पता चलते ही थाना प्रभारी महाराजपुरा और बरेठा चौकी प्रभारी सौरभ श्रीवास्तव को आरोपी को पकडने के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस बल के साथ सौरभ श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। पुलिस को आते देखकर एक युवक भागने लगा, जिसका पुलिस ने पीछा कर पकड़ा और उससे राइफल जब्त कर ली है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान हेमराज गुर्जर पुत्र राकेश गुर्जर निवासी खेरिया क्रेशर के रूप में हुई। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह बंदूक उसने पढ़ावली मुरैना निवासी सोनू गुर्जर से बीस हजार रुपए में खरीदी थी। उसके पास से 10 जिंदा राउंड भी जब्त किये गये है।



# संपादकीय

## लत के साथ जीनाः संघर्ष, ताकत और रिकवरी की यात्रा

**डॉ विजय गर्ग**

व्यसन को अक्सर इच्छाशक्ति की कमी या नैतिक कमजोरी के रूप में गलत समझा जाता है, लेकिन वास्तव में यह एक जटिल स्थिति है जो मस्तिष्क, व्यवहार और भावनात्मक कल्याण को प्रभावित करती है। लत के साथ रहना सिर्फ मादक द्रव्यों के सेवन या हानिकारक आदतों से संबंधित नहीं है। यह एक निरंतर आंतरिक लड़ाई के बारे में है जो व्यक्ति के जीवन के हर पहलू को प्रभावित करती है, जिसमें रिश्ते, स्वास्थ्य और आत्मसम्मान शामिल हैं। लत कई रूप ले सकती है - शराब, ड्रग्स, निकोटिन, गेमिंग, सोशल मीडिया या यहां तक कि काम। जो कभी-कभार उपयोग या व्यवहार के रूप में शुरू होता है, वह धीरे-धीरे निर्भरता में बदल सकता है, जहां व्यक्ति इसके बिना काम करने में असमर्थ महसूस करता है। समय के साथ, मस्तिष्क की पुरस्कार प्रणाली बदल जाती है, जिससे रोजमर्रा की गतिविधियों से आनंद प्राप्त करना कठिन हो जाता है।

### छिपे हुए संघर्ष

नशे की लत से पीड़ित लोग अक्सर अपराधबोध, शर्म और अलगाव की भावना का सामना करते हैं। वे रुकना चाहते हैं, लेकिन ऐसा महसूस करते हैं कि वे एक ऐसे चक्र में फंसे हुए हैं जिसे वे तोड़ नहीं सकते। कई लोग निर्णय के डर से अपने संघर्ष को छिपा लेते हैं, जिससे उनका अकेलापन और गहरा हो जाता है। यह आंतरिक संघर्ष –परिवर्तन चाहना लेकिन शक्तिहीन महसूस करना –व्यसन के सबसे दर्दनाक पहलुओं में से एक है।

### दैनिक जीवन पर प्रभाव

लत शिक्षा, करियर और व्यक्तिगत संबंधों को बाधित कर सकती है। विश्वास टूट सकता है, जिम्मेदारियों की उपेक्षा हो सकती है, तथा स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। शारीरिक प्रभावों में थकान, खराब नींद और प्रतिरक्षा कमजोर होना शामिल हो सकता है, जबकि चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दे अक्सर लत के साथ आते हैं।व्यक्ति किस प्रकार व्यसन का अनुभव करते हैं, इसमें समाज महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कलंक और गलतफहमी लोगों को मदद मांगने से रोक सकती है। दोषारोपण के स्थान पर करुणा और जागरूकता आवश्यक है। जब समुदाय स्वीकृति और समर्थन को बढ़ावा देते हैं, तो सुधार अधिक संभव हो जाता है रिकवरी कोई एकल घटना नहीं बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है। इसकी शुरुआत इस बात से होती है कि सहायता की आवश्यकता है। सहायता परिवार, मित्रों, परामर्शदाताओं या सहायता समूहों से मिल सकती है। संतुलित जीवन के पुनर्निर्माण में स्वस्थ दिनचर्या, चिकित्सा और सकारात्मक वातावरण महत्वपूर्ण हैं। पुनः लत लग सकती है, लेकिन इसे विफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। इसके बजाय, वे पुनर्प्राप्ति यात्रा का हिस्सा हैं और सीखने तथा मजबूत बनने का अवसर हैं। लत से परे जीवन जीने में उद्देश्य और आत्म-मूल्य को पुनः खोजना शामिल है। शौक में संलग्न होना, शिक्षा प्राप्त करना और सार्थक संबंध बनाना हानिकारक आदतों के स्थान पर सकारात्मक आदतें अपनाने में मदद कर सकता है। छोटी-छोटी जीतें एक दिन में एक बार स्थायी परिवर्तन की ओर ले जाती हैं।

### निष्कर्ष

नशे के साथ रहना निस्संदेह चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह कोई निराशाजनक स्थिति नहीं है। समझ, समर्थन और दृढ़ संकल्प से व्यक्ति अपना जीवन पुनः प्राप्त कर सकते हैं। लत कहानी का हिस्सा हो सकती है, लेकिन यह व्यक्ति को परिभाषित नहीं करती। सुधार संभव है, और हर कदम एक स्वस्थ, अधिक संतुष्टिदायक भविष्य की ओर एक कदम है।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

## हर सवाल जरूरी नहीं: निजता की सीमा लांघते सवालों से कैसे प्रभावित होता है आत्मसम्मान

अक्सर लोग बिना सोचे पूछ लेते हैं– अब तक क्या किया? आगे की क्या योजना है? इतनी उम्र हो गई, अभी तक? ये सवाल सुनने में साधारण लग सकते हैं, पर कई बार ये सामने वाले को असहज कर देते हैं। खासकर तब, जब ये बातें सबके सामने कही जाएं। उस समय व्यक्ति को लगता है कि उसे अपने जीवन का हिसाब देना पड़ रहा है। कई बार सवाल पूछने वाले का इरादा बुरा नहीं होता



हम ऐसे समाज में रहते हैं, जहां लोग एक-दूसरे के जीवन में बहुत रुचि लेते हैं। यह रुचि कई बार अपनापन लगती है, लेकिन कई बार यही दखलंदाजी बन जाती है। जब कोई सार्वजनिक जगह पर रिश्तों का सहारा लेकर किसी से उसके जीवन के फैसलों पर सवाल करता है, तो वह केवल एक साधारण बात नहीं होती। वह उस व्यक्ति के आत्मसम्मान को छू जाती है। हर इंसान का जीवन उसका अपना होता है।

उसमें उसके सपने होते हैं, उसकी मेहनत होती है, उसकी विफलताएं होती हैं और उम्मीदें भी। हर किसी की गति अलग होती है। कोई जल्दी सफलता पा लेता है, कोई देर से। कोई अपनी राह खुद चुनता है, कोई परिवार की अपेक्षाओं के साथ चलता है। समस्या यह है कि समाज सबके लिए एक ही तरह के मापदंड बना देता है। ऐसे में जो उससे अलग चलता है, वह सवालों के घेरे में आ जाता है।

अक्सर लोग बिना सोचे पूछ लेते हैं- अब तक क्या किया? आगे की क्या योजना है? इतनी उम्र हो गई, अभी तक? ये सवाल सुनने में साधारण लग सकते हैं, पर कई बार ये सामने वाले को असहज कर देते हैं। खासकर तब, जब ये बातें सबके सामने कही जाएं। उस समय व्यक्ति को लगता है कि उसे अपने जीवन का हिसाब देना पड़ रहा है। कई बार सवाल पूछने वाले का इरादा बुरा नहीं होता। वह बस जिज्ञासु होता है या अपने अनुभव के आधार पर सलाह देना चाहता है। मगर हर जिज्ञासा जरूरी नहीं होती। हर बात पूछना आवश्यक नहीं होता। कुछ बातें ऐसी होती हैं, जो व्यक्ति अपने समय पर ही साझा करना चाहता है या नहीं भी करना चाहता है। जब हम बिना सोचे-समझे किसी की निजी बातों में दखल देते हैं, तो हम उसकी सीमा पार कर देते हैं।

सार्वजनिक प्रश्न केवल शब्द नहीं होते, वे संकेत भी होते हैं। वे यह जताते हैं कि समाज को हमारे जीवन की प्रगति पर नजर रखने का अधिकार है। धीरे-धीरे व्यक्ति यह मानने लगता है कि उसे लगातार साबित करना है कि वह पीछे नहीं है। यह मानसिक दबाव अदृश्य होता है, पर बहुत गहरा होता है। कई लोग बाहर से मुस्कुरा देते हैं, हल्का-सा जवाब दे देते हैं, पर भीतर एक चुभन रह जाती है।इस तरह की टिप्पणियां धीरे-धीरे व्यक्ति के मन पर असर डालती हैं। वह अपने फैसलों पर शक करने लगता है। उसे लगता है कि शायद वह पीछे रह गया है। वह दूसरों से अपनी तुलना करने लगता है। कई बार वह अपने ही घर में अपने निर्णयों के लिए सफाई देने लगता है। यह स्थिति उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है।हम 'मौन' की अहमियत नहीं समझतेजब व्यक्ति बार-बार अपने अस्तित्व को सही ठहराने की कोशिश करता है, तो उसके भीतर की सहजता कम होने लगती है। समस्या यह भी है कि हम 'मौन' की अहमियत नहीं समझते। हमें लगता है कि हर बात पर राय देना जरूरी है, लेकिन कई बार चुप रह जाना ही सबसे अच्छा व्यवहार होता है। अगर कोई अपनी जिंदगी के बारे में खुद बात नहीं करना चाहता, तो हमें उसका सम्मान करना चाहिए। सम्मान का मतलब केवल अच्छा व्यवहार करना नहीं है, बल्कि यह समझना भी है कि सामने वाले की एक निजी दुनिया है, जहां हमें बिना बुलाए प्रवेश नहीं करना चाहिए।हर व्यक्ति अपने जीवन की परिस्थितियों से गुजर रहा होता है। हमें बाहर से सब कुछ साफ दिखाई नहीं देता। जो हमें ठहराव लगता है, वह शायद उसके लिए सीखने का समय हो। जो हमें विफलता दिखती है, वह उसके लिए नई शुरुआत की तैयारी हो सकती है। जो हमें देर लगती है, वह उसके लिए सही समय का इंतजार हो सकता है। इसलिए किसी पर टिप्पणी करने से पहले यह सोचना जरूरी है कि हमारे शब्द उसे कैसा महसूस कराएंगे। भीड़ में पूछे गए प्रश्न अक्सर चिंता से अधिक तुलना का रूप ले लेते हैं।वह व्यक्ति को यह महसूस कराती है कि उसका मूल्य उसके वर्तमान से नहीं, बल्कि दूसरों से तुलना करके तय किया जा रहा है। दूसरी ओर, व्यक्ति को भी अपने आत्मसम्मान की रक्षा करना सीखना चाहिए। हर सवाल का जवाब देना जरूरी नहीं है। अगर कोई प्रश्न असहज करता है, तो विनम्रता से विषय बदलना या सीमित उत्तर देना ठीक है।

अपनी सीमाएं तय करना गलत नहीं है। यह आत्मसम्मान का हिस्सा है। जो व्यक्ति अपनी सीमाएं स्पष्ट करता है, वह असम्मान नहीं करता, बल्कि केवल अपनी गरिमा की रक्षा करता है। हमें बच्चों और युवाओं को भी यह सिखाना चाहिए कि उनकी कीमत केवल उपलब्धियों से नहीं तय होती। वे जैसे हैं, अपनी पूरी कोशिश के साथ वैसे ही सम्मान के योग्य हैं। जीवन कोई दौड़ नहीं है, जिसमें सबको एक ही समय पर एक ही स्थान पर पहुंचना हो। हर व्यक्ति की यात्रा अलग होती है और वही उसकी खूबसूरती है। सफलता का एक ही स्वरूप नहीं होता। संतोष, संतुलन और आत्मस्वीकृति भी जीवन की उपलब्धियां हैं।

समाज अगर अपने सदस्यों का पूर्ण विकास चाहता है, तो सबसे पहले उसे संवेदनशील बनना होगा। प्रश्न पूछने से पहले ठहरना होगा। यह समझना होगा कि हर जिज्ञासा साझा करने योग्य नहीं होती। कुछ बातें समय पर छोड़ देनी चाहिए। जब हम दूसरों की सीमाओं का सम्मान करना सीखेंगे, तभी हम ऐसे संबंध बना पाएंगे, जहां व्यक्ति बिना डर और बिना सफाई दिए, अपने जीवन को अपने तरीके से जी सके। बात इतनी-सी है कि किसी का भी जीवन उसका अपना है। उसकी निजता भी महत्त्वपूर्ण है। वह व्यक्ति का अपना संसार है। उसके संसार में प्रश्नों के माध्यम से कदम रखने से पहले अनुमति और उससे भी पहले संवेदनशीलता, दोनों जरूरी हैं। जब हम यह सीख लेंगे कि हर जीवन को अपने ढंग से खिलने का अधिकार है, तब न केवल आत्मसम्मान सुरक्षित रहेगा, बल्कि रिश्तों में सच्ची गर्माहट भी बनी रहेगी।

जीवन एक भौतिक शब्द नहीं, बल्कि एक यात्रा है। सुनने में साधारण लगता है कि जीवन जन्म से शुरू होकर सामान्य तौर पर मृत्यु पर समाप्त हो जाता है, पर यह धारणा जितनी सामान्य प्रतीत होती है, अंदर से ये उतनी ही जटिल है। यह यात्रा हम सभी को कभी न कभी ऐसे दो-राहे पर लाकर खड़ी कर देती है, जहां हमें चुनाव करना होता है- सही और गलत के बीच। ऐसे यह चुनाव आमतौर पर सरल ही होता है।

## जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी ई-एचआरएमएस पोर्टल पर प्राथमिकता के आधार पर हो ऑनबोर्ड: कलेक्टर

**कलेक्टर ने समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी प्राथमिकता के आधार पर ई-एचआरएमएस पोर्टल पर शिफ्ट हो जाएं। उन्होंने कहा कि यह शासन की प्रमुख प्राथमिकताओं में शामिल है, जिसके माध्यम से अधिकारी एवं कर्मचारी सर्विस बुक एंट्री, पदोन्नति, वेतन, समयमान वेतनमान, अवकाश सहित अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि इस ऑनलाइन प्रक्रिया का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए तथा 31 अप्रैल तक सभी विभागों का पोर्टल पर शिफ्ट होना अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए। साथ ही उन्होंने कहा कि 1 मई से जिले के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के कार्य ई-एचआरएमएस पोर्टल के माध्यम से ही संपादित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले के किसानों को उन्नत बनाने के लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर प्रभावी रणनीति के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को लेमनग्रास की खेती के लिए प्रेरित किया जाए, जिससे उन्हें अतिरिक्त आय के अवसर प्राप्त हो सकें। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि आवश्यकतानुसार ओरियो आयल कंपनी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं तथा अधिक से अधिक किसानों को इन कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाए। साथ ही किसानों को उन्नत फसलों की खेती के लिए शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि हेक्टेयरवार बेहतर योजना बनाकर कृषि कार्य कराए जाएं, जिससे उत्पादन में वृद्धि हो और किसानों की आय में निरंतर बढ़ोतरी सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने शासन की मंशा के अनुरूप नारी शक्ति वंदन अधिनियम के अंतर्गत अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र में जिला स्तरीय तथा पुष्पराजगढ़ एवं कोतमा विधानसभा क्षेत्रों में ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि इस अधिनियम का प्रचार-प्रसार प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है, जो कार्यक्रमों के सफल आयोजन एवं समन्वय की जिम्मेदारी निभाएगा। कलेक्टर श्री पंचोली ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित कार्यों एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि खेत तालाब योजना के तहत निर्मित संरचनाओं के चारों ओर पौधरोपण कराया जाए, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल सके। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में स्थित तालाबों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा कहा कि तालाबों में जमा कचरा, गाद एवं नदी-नालों की सफाई व्यवस्थित एवं प्रभावी तरीके से की जाए, ताकि जल स्त्रोतों का संरक्षण और संवर्धन बेहतर ढंग से हो सके।



बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड निर्माण के लिए मिशन मोड में अभियान चलाया जाए तथा प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। साथ ही ब्लॉक स्तर पर बैठकें आयोजित कर कार्यों की समीक्षा की जाए। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का मैदानी अमला क्षेत्र में सक्रिय रूप से भ्रमण कर अधिक से अधिक हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए, ताकि पात्र लोगों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। इसी प्रकार उन्होंने एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य की भी समीक्षा की तथा निर्देशित किया कि अप्रैल माह के अंत तक लक्ष्य के अनुरूप टीकाकरण कार्य पूर्ण किया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री पंचोली ने मई माह में स्कूल नामांकन अभियान चलाने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत विद्यार्थियों का नामांकन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए स्कूलवार विद्यार्थियों की सूची तैयार कर जिन अधिकारियों को जिन गांवों का प्रभार दिया गया है, वे क्षेत्र में भ्रमण कर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को पुनः विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित करें, जिससे जिले में पूर्ण नामांकन का लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

कलेक्टर ने लोक सेवा प्रबंधन विभाग को निर्देशित किया कि विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाओं से संबंधित आवेदन लोक सेवा के माध्यम से प्राप्त किए जाएं, ताकि सुशासन के अंतर्गत सेवाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित हो सके और नागरिकों को समय पर लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि जिले के सभी नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का अधिकतम लाभ मिलना चाहिए। इस हेतु कलेक्टर श्री पंचोली ने नागरिकों से अपील की कि वे एमपी ई-सेवा पोर्टल एवं मोबाइल एप को प्ले स्टोर से डाउनलोड कर शासकीय सेवाओं का आसानी एवं सुगमता से लाभ प्राप्त करें तथा अधिक से अधिक लोगों को भी इस एप का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। इसी प्रकार कलेक्टर ने अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय,सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सरिता नायक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो सहित जिले के विभिन्न विभागों के विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एआई + स्मार्टफोन नोवा 2 अल्ट्रा की पहले दिन की सेल 17 अप्रैल, 2026 को दिन में 12:00 बजे से शुरू होगी

**भोपाल।** एआई + स्मार्टफोन ने अपने नवीनतम डिवाइस नोवा 2 अल्ट्रा की बिक्री शुरू कर दी है, जो नई लॉन्च की गई नोवा सीरीज़ का हिस्सा है। नोवा लाइनअप की सबसे संपूर्ण अभिव्यक्ति के रूप में डिज़ाइन किया गया नोवा 2 अल्ट्रा, 17 अप्रैल, 2026 को दोपहर 12 बजे (सेल का पहला दिन) से केवल फ्लिपकार्ट और चुनिंदा रिटेल स्टोर्स पर उपलब्ध होगा। पहले दिन के बाद, नोवा 2 अल्ट्रा की बिक्री फिर से 24 अप्रैल, 2026 को शुरू होगी, जिससे ग्राहकों को एआई + स्मार्टफोन के सबसे संभावनाशील स्मार्टफोन्स में से एक को खरीदने का एक और मौका मिलेगा।इसके अलावा, नोवा 2 अल्ट्रा का सेल, नोवा 2 की शानदार सफलता पर आधारित है, जिसके पहले ही दिन केवल 15 मिनट के भीतर सभी यूनिट्स बिक गए थे, जो उपभोक्ताओं की मजबूत माँग और नोवा सीरीज़ के प्रति बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है।

नोवा 2 अल्ट्रा निम्नलिखित कीमतों पर उपलब्ध होगा:

6 जीबी + 128 जीबी- 14,999 रुपए से शुरू

8 जीबी + 128 जीबी- 16,999 रुपए से शुरू

किसी भी फोन का एक्सचेंज करें और 2,000 रुपए की छूट पाएँ (चाहे फोन काम कर रहा हो या खराब हो)

माधव शेठ, सीईओ, एआई + स्मार्टफोन और संस्थापक, एनएक्सटी




क्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज़, ने कहा, 'नोवा 2 अल्ट्रा के साथ, हमारा उद्देश्य इस कीमत पर संभव सीमाओं को आगे बढ़ाना था। यह सोनी कैमरा सिस्टम, फ्लैगशिप-स्तर के डिस्प्ले और ऐसी डिज़ाइन से लैस है, जो आपके उपयोग के अनुसार सक्रिय रूप से प्रतिक्रिया करता है। यह उन उपयोगकर्ताओं के लिए है, जो परफॉर्मेंस और व्यक्तित्व के बीच चयन किए बिना सब कुछ चाहते हैं। '

**परफॉर्मेंस और डिस्प्ले जो अधिक के लिए तैयार है**

नोवा 2 अल्ट्रा में मीडियाटेक डायमेंसिटी 7400 चिपसेट दिया गया है, जिसमें 2.6 गीगा हर्ट्ज़ क्लॉक स्पीड वाला ऑक्टा-कोर सीपीयू और माली-जी615 एमसी2 जीपीयू शामिल है, साथ ही बेहतर परफॉर्मेंस के लिए वीसी कूलिंग दी गई है। यह एंड्राइड 16 पर आधारित एनएक्सटी क्वांटम ऑपरेटिंग सिस्टम पर चलता है, जो स्मूद और ऑप्टिमाइज़्ड अनुभव प्रदान करता है, साथ ही एनएक्सटी प्राइवेसी डैशबोर्ड के माध्यम से रीयल-टाइम प्राइवेसी पारदर्शिता सुनिश्चित करता है। इसमें 6.78-इंच 1.5के पंच-होल एमोलेड डिस्प्ले है, जिसमें 120 हर्ट्ज़ रिफ्रेश रेट और 1800 निट्स एचबीएम पीक ब्राइटनेस है, जो कंटेंट देखने और रोज़मर्रा के उपयोग के दौरान जीवंत और स्मूद अनुभव प्रदान करता है। इसमें 6000 एमएएच की बैटरी और 40 वॉट फास्ट चार्जिंग दी गई है, जो पूरे दिन के उपयोग के लिए पर्याप्त है।

**कैमरा और डिज़ाइन जो अलग पहचान बनाए**

नोवा 2 अल्ट्रा में 50 मेगा पिक्सेल सोनी सेंसर आईएमएक्स752 प्राइमरी कैमरा और 8 मेगा पिक्सेल वाइड-एंगल लेंस दिया गया है, जो मैट्रिक्स एआई कैमरा प्रोसेसिंग के साथ विभिन्न परिस्थितियों में बेहतरीन तस्वीरें लेता है। इसके अलावा, 13 मेगा पिक्सेल फ्रंट कैमरा उच्च गुणवत्ता वाली सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए उपलब्ध है। यह आईपी68 रेटेड बिल्ड के साथ आता है और इसमें बैक पैनल पर कॉल और नोटिफिकेशन के लिए डायनामिक और कस्टमाइज़ेबल लाइट्स दी गई हैं। इसमें गेमिंग के लिए कस्टमाइज़ेबल एक्शन कीज़ और 1टीबी तक एक्सपैंडेबल स्टोरेज की सुविधा भी है। यह ब्लू, ग्रीन, पर्पल, ब्लैक, और लाल रंगों में उपलब्ध होगा और हर रंग एक अलग पहचान के साथ डिज़ाइन किया गया है।


बॉक्स में क्या मिलेगा

नोवा 2 अल्ट्रा के साथ बॉक्स में मुफ्त ईयरबड्स दिए गए हैं, साथ ही 18वॉट चार्जर, यूएसबी टाइप-ए से टाइप-सी केबल, पारदर्शी टीपीयू केस, स्क्रीन प्रोटेक्शन फिल्म, एसआईएम कार्ड ट्रे इजेक्टर और यूज़र गाइड भी शामिल हैं।

## शुभ्रा तोमर बनीं शहर की द्वितीय टॉपर, विक्टर स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**मुरैना।** विक्टर कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल (सीबीएसई) के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में इस वर्ष विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है। इस वर्ष विद्यालय की मेधावी छात्रा शुभ्रा तोमर ने 500 में से 489 अंक (97.8%) प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, साथ ही उन्होंने मुरैना शहर में द्वितीय स्थान हासिल कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम की। उनकी इस शानदार सफलता ने विद्यालय सहित पूरे शहर को गौरवान्वित किया है।





विद्यालय के अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भी उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इनमें प्रमुख रूप से कियान गुप्ता (94.6%), आरुषि गुर्जर (94.0%), वैष्णवी शर्मा (92.4%), सिमरन तोमर (91.8%), पुलस्त्य पाठक (91.2%), सृष्टि सिकरवार (91.0%), अनुराधा सिकरवार (90.8%) एवं गुज़ारिश गर्ग (90.2%) शामिल हैं।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष कुल छात्र-छात्राओं में से 45 फ़ीसदी विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। यह उपलब्धि विद्यालय के अनुशासित वातावरण और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

विद्यालय के प्राचार्य एवं प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग को दिया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

विद्यालय परिवार ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ दीं और आशा व्यक्त की कि वे आने वाले समय में भी विद्यालय एवं अपने परिवार का नाम इसी प्रकार रोशन करते रहेंगे। यह परिणाम न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पूरे क्षेत्र की शैक्षणिक प्रगति का भी प्रतीक है।

# महामण्डलेश्वर स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज का 27वां संन्यास दिवस अनेक धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया गया










-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**ग्वालियर।** स्थानीय 'गंगामलनपुर क्षेत्र'(स्टेट आई.टी. पार्क के समीपस्थ) 'समन्वय सेवा आश्रम' परिसर में विराजमान श्री सर्वेश्वर महादेव की सन्निधि में 'समन्वय परिवार सेवा न्यास' के ट्रस्टी एवं तपोनिधि निरञ्जनी अखाड़ा के महामण्डलेश्वर हरिद्वार स्थित विश्वप्रसिद्ध भारत माता मंदिर के संस्थापक निवृत्त शंकराचार्य, ब्रह्मलीन स्वामी श्री सत्यमित्रानन्द गिरि महाराज के दीक्षित संन्यासी शिष्य स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज का '27वां संन्यास दिवस' *एकदिवसीय श्री लघुरुद्र स्वाहाकार यज्ञ एवं श्री सर्वेश्वर महादेव के पूजन/रुद्राभिषेक* पूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर ग्वालियर के श्रद्धालु, भक्त जनों ने महामण्डलेश्वर स्वामी श्री अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज का अभिनंदन किया तथा उनके सफल,संन्यास साधना,लोक साधना तपोमय जीवन,गुरुनिष्ठा,गोवंश सेवा,वनवासी जन सेवा जैसे विविध रचनात्मक कार्यों के प्रति उन्हें बधाईयां व शुभकामना दी। समन्वय परिवार सेवा न्यास, ग्वालियर के अध्यक्ष डां .श्री एस.एम.तिवारी जी ने स्वामी जी के सम्मान में 'सत्संग भवन 'में आयोजित 'सम्मान कार्यक्रम' का संचालन किया तथा समन्वय परिवार ग्वालियर के सभी ट्रस्टीज श्रद्धालु ट्रस्ट सदस्यों द्वारा शाल,श्रीफल,पुष्पहार भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर लगभग200की संख्या में स्थानीय बंधु/बहिनों एवं आश्रम के आसपास रहने वाले श्रद्धालु- भक्तों का एक सहभोज का आयोजन किया गया।

श्री स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि महाराज ने आज 14अप्रैल को अपने संन्यास दीक्षा काल का स्मरण करते हुये अनेक महत्त्वपूर्ण संदर्भों का उल्लेख करते हुये कहा कि- स्वतंत्र भारत में आज का दिन सामाजिक दृष्ट्या एक महामानव का स्मरण दिवस भी है तथा 'सामाजिक समरसता' का दिन उद्घोषित है। उन्होंने कहा- 'सामाजिक समरसता भारतीय संस्कृति का मूल स्वर 'है-इस 'मूल स्वर' को सतयुग से लेकर सभी युगों में और आज तक भारत के संतों-साधुजनों,महात्मा,महापुरुषों ने विभिन्न महत्त्वपूर्ण अवसरों पर मुखरित किया है। भारतीय संस्कृति और संस्कारों की पहचान 'समरसता 'के मूल भावों में निहित है। संयोग से आज ही के दिन भारत के पंजाब प्रान्त में 'बैसाखी पर्व 'भी धूम-धाम से आयोजित होता है;अमृतसर के पावन सरोवर में अमृत चखने को भारी संख्या में जनसमूह उत्तर भारत के तीर्थों में एकत्रित होता है। मेरी संन्यास दीक्षा पिछली शताब्दी के अंतिम पूर्ण कुम्भ जो हरिद्वार में आयोजित सम्पन्न होने जा रहा था उस पूर्ण कुम्भ का अंतिम संन्यास दीक्षा मुहूर्त 14 अप्रैल, बैसाखी पर्व था इसी पर्व से मेरी संन्यास जीवन की यात्रा का आरम्भ हुआ। मेरे रक्त के बूंद-बूंद में 'समरसता' समायी है। समय-समय पर वह मेरे आचरण से उद्भूत और पुष्ट होती है।

भारतीय संन्यास परम्परा अत्यंत प्राचीन है,यह वैदिक और वैज्ञानिक परम्परा है जो भारतीय आश्रम व्यवस्था को पुष्ट करती है।महाकवि कालिदास के रघुवंश महाकाव्य के श्लोक की दो पंक्ति को उद्धृत करते हुये स्वामी जी ने भारतीय आश्रम व्यवस्था की विश्व व्याख्या की-

''शैशवेह्यभ्यस्त विद्यानां यौवने विषयैषिणाम्।''
''वार्धक्ये मुनिवृत्तीनां योगेनान्ते तनुत्यजाम्।।''

स्वामीजी ने उपस्थित श्रोताओं को बताया- संन्यास दीक्षा उपरान्त (संन्यास जीवन जहां एक परम्परा है) तो संन्यास एक वृत्ति का नाम है उसे स्थायी बनायें रखने के लिये निरंतर अभ्यास बनायें रखना होता है, जिसमें त्याग, तपस्या,साधना, स्वाध्याय, चिंतन, ज्ञान(विवेक), वैराग्य जैसे महनीय सूत्र व्यक्ति को अध्यात्म की ऊंचाई और गहराई का बोध कराते हैं। संन्यास जीवन सांसारिक प्रपञ्च रहित होता है।

उपर्युक्त अवसर पर समन्वय परिवार सेवा न्यास ग्वालियर के ट्रस्टीगण डॉ. एस.एम. तिवारी, हरिविलाश शर्मा, श्रवण कुमार शर्मा, मुनेंद्र सिंह भदौरिया, आर.डी.शर्मा, शिवसिंह कुशवाहा, पी.के. सक्सेना, विनय कुमार सिंह, डॉ. दीपक प्रधान, अशोक तोमर, वेदप्रकाश शर्मा, उमाकांत वशिष्ठ, मनोहर कुशवाहा, आकाश यादव आदि विभिन्न दायित्व बोध के साथ तथा बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहीं। जबलपुर के महाराष्ट्र ब्रह्मवृन्द के वैदिक ब्राह्मणों ने नीलेश दाभोलकर जी के आचार्यत्व में यज्ञ एवं रुद्राभिषेक सम्पन्न कराया। समर्थ गुरु श्री रामदास परम्परा के स्थानीय मठ आबा जी से उपेन्द्र शेरगांवकर जी इस अवसर पर उपस्थित रहे। चित्र सभी इसी अवसर के,प्रस्तुत कताः- 'कुमार शिवम्'
स्वामी जी का विनम्र सेवक

# सोनी सब के पुष्पा इम्पॉसिबल की टीम ने मनाया दिल छू लेने वाली कहानी कहने के 1200 एपिसोड्स पूरे होने का जश्न

**मुंबई।** सोनी सब के लोकप्रिय शो पुष्पा इम्पॉसिबल ने एक शानदार उपलब्धि हासिल की है। शो ने 1200 एपिसोड्स पूरे कर लिए हैं। शो करुणा पांडे द्वारा निभाई जा रही पुष्पा की प्रेरणादायक यात्रा पर केन्द्रित है, जो ज़िंदगी की तमाम चुनौतियों के बावजूद कभी हार नहीं मानती। पढ़-लिख कर वकील बनने का सपना, परिवार का सहारा बनना और अपनी पहचान बनाना, इन सबने पुष्पा को हर उम्र के दर्शकों के लिए उम्मीद और मज़बूती का प्रतीक बना दिया है।

1200 एपिसोड्स के दौरान शो ने सशक्तिकरण, दूसरा मौका और शिक्षा के महत्व जैसे सामाजिक रूप से अहम् मुद्दों को कहानी में बखूबी पिरोया है। साथ ही, इमोशन, ड्रामा और हल्के-फुल्के पलों के मिश्रण से नैरेटिव को हमेशा एंगेजिंग बनाए रखा है। मौजूदा ट्रैक में 'घर जेल' की कहानी दिखाई जा रही है, जिसमें शनाया (मुस्कान बामने) को एक हादसे के बाद पुष्पा



की निगरानी में रहने की सज़ा मिलती है। जैसे ही वह बापोदरा चाल में आती है, परिवार और पड़ोसियों के बीच तनाव बढ़ जाता है इमोशन्स, गम और विरोध साफ तौर पर सामने आते हैं। शनाया जहाँ एडजस्ट करने के लिए संघर्ष करती है, वहीं पुष्पा अपने विश्वास पर अडिग रहती है कि जवाबदेही के साथ आत्मचिंतन और बदलाव ज़रूरी है। यही आने वाले एपिसोड्स में गहन ड्रामा और भावनात्मक टकराव की ज़मीन तैयार करता है। पुष्पा का किरदार निभा रहीं करुणा पांडे ने कहा, '1200 एपिसोड्स तक पहुँचना मेरे लिए बेहद खास और भावुक पल है। जब हमने यह सफर शुरू किया था, तब शायद किसी ने नहीं सोचा था कि पुष्पा की कहानी दर्शकों से इतनी गहराई से जुड़ जाएगी। समय के साथ पुष्पा मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं रही, बल्कि मेरी ज़िंदगी का हिस्सा बन गई है, जिससे मैं हर दिन सीखती और बढ़ती हूँ। यह उपलब्धि हमारी पूरी टीम और सबसे ज्यादा हमारे दर्शकों की है, जिन्होंने हमें बेहिसाब प्यार दिया। मुझे बेहद गर्व है कि मैं ऐसे शो का हिस्सा हूँ, जो सिर्फ मनोरंजन ही नहीं, बल्कि प्रेरणा भी देता है। आगे भी कई और उपलब्धियों और पुष्पा की यात्रा को उसी प्यार और सच्चाई के साथ आगे बढ़ाने की उम्मीद है। 'पुष्पा इम्पॉसिबल का सफर जारी है और टीम दर्शकों के लिए और भी यादगार पल लेकर आने वाली है।
देखना न भूलें पुष्पा इम्पॉसिबल, हर सोमवार से शनिवार रात 9:30 बजे, सिर्फ सोनी सब पर।

# मिस माया जादूवाला बनकर तनु खान को आई अपने बचपन की याद, बोलीं: 'मेरे पास भी है हैरी पॉटर जैसी जादुई छड़ी'

**मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश।** कुछ किरदार सिर्फ पर्दे पर जादू नहीं दिखाते, बल्कि उसे दिल से महसूस भी कराते हैं और तनु खान के लिए यह सफर बिल्कुल ऐसा ही रहा है। सन नियो के शो 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' में मिस माया जादूवाला का किरदार निभाते हुए, वे सिर्फ एक मजबूत और रहस्यमयी भूमिका ही नहीं निभा रहीं, बल्कि अपने बचपन की कल्पनाओं, मासूमियत और नॉस्टैल्जिया से भी दोबारा जुड़ रही हैं। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री तनु खान कहती हैं, 'सच कहूँ, तो मुझे मिस माया जादूवाला का किरदार निभाने में बहुत मज़ा आ रहा है। यह मुझे मेरे बचपन में वापस ले जाता है, जब हम 'हैरी पॉटर एंड द गॉब्लेट ऑफ फायर' देखते थे और उस जादुई दुनिया में खो जाते थे। इस शो में भी वैसी ही एक जादुई फीलिंग है, जो इसे मेरे लिए और खास बना देती है। मैं इस मैजिकल स्कूल की प्रिंसिपल हूँ, मेरे पास खास शक्तियाँ हैं। मेरे पास हैरी पॉटर की तरह



एक जादुई छड़ी भी है, जिससे मैं कई तरह के जादू करती हूँ। मैं बहुत शक्तिशाली और अनुशासित हूँ। साथ ही, अपने छात्रों पर हमेशा नजर रखती हूँ और उन्हें सही मार्गदर्शन देती हूँ। मुझे इस किरदार का लुक भी बहुत पसंद है, खासकर उसकी टोपी और मैजिकल स्टाइलिंग, जो इसे और भी आकर्षक बनाती है। '
उन्होंने आगे कहा, 'इस किरदार की सबसे खास बात यह है कि उसकी सख्ती के पीछे एक गहरी समझ और सही-गलत की साफ पहचान है। वह मानती है कि जादू का इस्तेमाल लोगों की मदद और सुरक्षा के लिए होना चाहिए, न कि उन्हें डराने के लिए। यही बात उसे मेरे लिए और ज्यादा वास्तविक और खुद को जोड़ने वाली बनाती है। ऐसे किरदार को निभाना और उसमें छोटी-छोटी मानवता वाली खूबियाँ डालना, मेरे लिए एक बेहद खूबसूरत अनुभव रहा है। चूँकि, वह लगभग हर दिन एक ही तरह के पहनावे में रहती है, इसलिए एक कलाकार के रूप में यह काफी आसान और सुविधाजनक भी है। कुल मिलाकर, यह किरदार मेरे दिल के बहुत करीब है, क्योंकि यह मुझे मेरे बचपन की जादुई यादों से फिर से जोड़ देता है।'
देखिए 'दिव्य प्रेमः प्यार और रहस्य की कहानी' हर सोमवार से शनिवार, शाम 7:30 बजे, सिर्फ सन नियो पर।

# अपना दल (एस) ने मध्य प्रदेश में धूमधाम से मनाई महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती

**भोपाल।** अपना दल (एस) मध्य प्रदेश द्वारा शनिवार को प्रदेशभर के विभिन्न जिलों में महान भारतीय विचारक, लेखक और सामाजिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा राव फुले की जयंती धूमधाम एवं गरिमापूर्ण तरीके से मनाई गई। पार्टी के केंद्रीय निर्देशानुसार आयोजित इन कार्यक्रमों में वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारियों सहित सक्रिय सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके क्रांतिकारी विचारों पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव सह मध्य प्रदेश प्रभारी आर बी सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि ट्ठ 'ज्योतिबा फुले जी का जीवन संघर्ष और महिला शिक्षा के प्रति उनका समर्पण हमारे लिए सर्वोच्च प्रेरणा है। हमारी नेता श्रीमती अनुप्रिया पटेल जी ऐसे महापुरुषों के दिखाए मार्ग पर चलकर समाज को एक करने का काम कर रही हैं। पार्टी का प्रत्येक सदस्य उनके सामाजिक न्याय के मिशन को गांव-गांव तक पहुँचाने के लिए संकल्पबद्ध है।'

इंदौर कार्यालय में इस विशेष दिवस का आयोजन राजनीतिक रणनीतिकार डॉ. अतुल मलिकराम के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. मलिकराम ने कहा कि ट्ठ 'महात्मा फुले ने समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए शिक्षा के द्वार खोले थे और आज अपना दल (एस) उन्हीं के बताए समतावादी रास्ते पर चलकर समाज के अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने का कार्य कर रहा है। 'ट्ठ कार्यक्रम में इंदौर के पूर्व जिला अध्यक्ष टीकम चंद शर्मा भी उपस्थित रहे। इसी कड़ी में सतना में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष युवा मंच मान सिंह बिसेन, डीपी पटेल व मनोज पटेल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने शिरकत की।





मऊगंज में अमृतलाल पटेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ जहां राष्ट्रीय सचिव सूर्यभान सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रदेश की राजधानी भोपाल में पूर्व प्रदेश पदाधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह के संरक्षण में जयंती समारोह का सफल आयोजन हुआ, वहीं सागर जिले में मनीष सरवैया के नेतृत्व में पार्टी सदस्यों ने एकजुट होकर फुले जी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया, जबकि सिंगरौली में त्रिलोकी सिंह व राजेश पाल द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं इटारसी में पप्पू चौरे, देवास में लालजी पटेल, ग्वालियर में राहुल सिंह भदौरिया, छतरपुर में राजेंद्र व कुबेर पटेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न किए गए, वहीं कटनी में बीके पटेल की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ, जहां चैतुराम पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इन कार्यक्रमों के माध्यम से अपना दल (एस) के नेताओं ने समाज के उपेक्षित और पिछड़े वर्गों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने तथा महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य करने की अपील की। पूरे प्रदेश में आयोजित इन कार्यक्रमों ने ज्योतिबा राव फुले के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सामाजिक समरसता का संदेश प्रसारित किया।

# अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति पर कार्यशाला आयोजित





-डॉ. मुकेश पांचाल-

**देवास।** अमलतास सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक उन्नत एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ डॉ. ड्रैगन प्रिमोरेक के मार्गदर्शन में अत्याधुनिक चिकित्सा पद्धति पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, डॉक्टरों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रिमोरेक ने आधुनिक चिकित्सा तकनीकों, नवीन शोधों तथा रोगों के उन्नत उपचार तरीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से घुटनों से संबंधित बीमारियों के उपचार में आई नई क्रांतिकारी तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब ऐसी आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां विकसित हो चुकी हैं, जिनके माध्यम से कई मामलों में मरीजों को घुटना प्रत्यारोपण (Knee Replacement) करवाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

उन्होंने समझाया कि उन्नत थैरेपी, मिनिमली इनवेसिव तकनीक, और रीजेनेरेटिव मेडिसिन (Regenerative Medicine)



जैसे आधुनिक उपचार विकल्पों के माध्यम से घुटनों के खराब हो चुके टिश्यू को पुनर्जीवित (Regenerate) किया जा सकता है। इससे न केवल सर्जरी की जरूरत कम होती है, बल्कि मरीजों को जल्दी आराम, कम दर्द और तेजी से रिकवरी का लाभ मिलता है। इस महत्वपूर्ण अवसर पर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. अभिजात सेठ भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने अमलतास अस्पताल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास देश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा प्रदान करेंगे। इस अवसर पर अमलतास ग्रुप के संस्थापक सुरेश सिंह भदौरिया ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा उन्हें अस्पताल का निरीक्षण भी करवाया। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं, आधुनिक मशीनों एवं विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाओं की जानकारी अतिथियों को दी।

साथ ही अतिथियों ने नशा मुक्ति विभाग एवं अमलतास अस्पताल द्वारा संचालित स्पेशल स्कूल का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल केवल स्वास्थ्य सेवाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक दायित्वों का भी प्रभावी रूप से निर्वहन कर रहा है। विशेष रूप से नशा मुक्ति और विशेष बच्चों की शिक्षा एवं देखभाल के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास प्रेरणादायक हैं।

कार्यशाला में विभिन्न सुत्रों के माध्यम से प्रतिभागियों को नवीनतम चिकित्सा उपकरणों, डिजिटल हेल्थ टेक्नोलॉजी एवं आधुनिक उपचार प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, लाइव डेमो और इंटरएक्टिव सत्रों के माध्यम से जटिल चिकित्सा प्रक्रियाओं को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से समझाया गया। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार की कार्यशालाओं का उद्देश्य डॉक्टरों और चिकित्सा स्टाफ को नई तकनीकों से अपडेट रखना है, जिससे मरीजों को बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जा सके।

# लीनेस देवास स्टार क्लब की आधिकारिक यात्रा सम्पन्न





-डॉ. मुकेश पांचाल-

**देवास।** लीनेस देवास स्टार क्लब की आधिकारिक यात्रा गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जावरा से पधारी डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण, डिस्ट्रिक्ट सचिव कविता चौहान, रतलाम से डिस्ट्रिक्ट सचिव पुष्पा वासन एवं एरिया ऑफिसर संगीता गोयल की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के पुष्प स्वागत से की गई। इसके पश्चात माँ सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। क्लब अध्यक्ष सुषमा अरोड़ा ने सभा प्रारंभ की घोषणा करते हुए अतिथियों का स्वागत उद्बोधन दिया। अतिथियों का माला पहनाकर एवं पौधे भेंट कर सम्मान किया गया। क्लब सचिव कुसुम अग्रवाल ने क्लब की सेवा गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया, वहीं कोषाध्यक्ष डिंपल शर्मा ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट पुष्पा वरुण ने अपने उद्बोधन में क्लब संचालन, सेवा प्रकल्पों एवं कार्यशैली पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम के दौरान क्लब में 5 नए सदस्यों मंजू बाला जैन, पायल सक्सेना, अलका कनौजिया, गीता खत्री एवं किरण माधवानी को शामिल किया गया, जिन्हें शपथ दिलाई गई। क्लब द्वारा एक जरूरतमंद बिटिया के कन्यादान हेतु सामग्री प्रदान की गई, वहीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम आए दो बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम में रेणु शर्मा ने मंच संचालन किया, मंजू बाला जैन ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा गिरिजा माहेश्वरी ने ध्वज वंदना की। अभिलाषा शर्मा द्वारा अतिथि का जीवन परिचय प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर पर क्लब की वरिष्ठ सदस्य अरुणा सोनी, कांता खंडेलिया, रमा चौबे, रेणु शर्मा, राजश्री सोनी सहित अन्य सदस्य भूमिका शर्मा, नेहा छाबड़िया, मोनिका राणा, प्रीति सूर्यवंशी आदि उपस्थित रहीं। अंत में क्लब सचिव कुसुम अग्रवाल ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# देवास में नारी शक्ति का शंखनाद, विधायक पवार के नेतृत्व में भव्य स्कूटी रैली निकाली






-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**देवास।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में देवास में भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। विधायक गायत्री राजे पवार के नेतृत्व में आयोजित इस रैली में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर नारी सशक्तिकरण का संदेश दिया।

विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को निर्णय प्रक्रिया में सशक्त भागीदारी का अवसर देगा, जिससे समाज और देश की प्रगति को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने सभी महिलाओं से इस अभियान से जुड़कर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया।

भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रायसिंह सेंधव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाया गया यह ऐतिहासिक अधिनियम महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित कर उन्हें नई पहचान और अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने इसे केवल एक कानून नहीं, बल्कि नारी शक्ति के सशक्तिकरण का महापर्व बताया।

इस अवसर पर देवास विधायक श्रीमंत गायत्री राजे पवार, भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बहादुर मुकाती, जिला महामंत्री राजेश यादव, सभापति रवि जैन, विधानसभा प्रभारी ओम जोशी, मण्डल नगर अध्यक्ष शुभम चौहान, देवेन्द्र नवगौत्री, सुरेश सिलोदिया, भाजपा अजा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीण डोंगलिया, सचिन जोशी, भरत चौधरी, जुगनू गोस्वामी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष राखी झालानी, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मोनिका शर्मा, पुष्पलता सोनगरा, नवीन सिंह सोलंकी सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियों की उपस्थिति रही।

# `अब दुर्घटना में नहीं रुकेगा इलाज- पीएम राहत स्कीम से 7 दिन तक फ्री उपचार, 9 नागरिक पा चुके जीवनरक्षक लाभ `

**अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान (IPS) के निर्देश पर इस योजना की मॉनिटरिंग प्रत्येक थाना स्तर पर की जा रही है ताकि इस योजना लाभ आमजन तक तत्काल पहुंच सके।

**योजना की मुख्य विशेषताएं**

- 7 दिन तक या अधिकतम 1.5 लाख तक पूरी तरह निःशुल्क इलाज
- अस्पताल में भर्ती के समय कोई अग्रिम राशि नहीं
- इलाज का भुगतान सीधे शासन द्वारा अस्पताल को
- अब तक 9 नागरिक इस योजना से लाभान्वित, समय पर उपचार से मिली नई जिंदगी
- यहां मिलेगा कैशलेस उपचार

**जिले के *सभी शासकीय अस्पतालों के साथ-साथ इन 8 निजी अस्पतालों में* सुविधा उपलब्ध:**

- आशीर्वाद हॉस्पिटल, अनूपपुर
- आर.डी.एस. हॉस्पिटल, कोतमा
- संजीवनी हॉस्पिटल, अनूपपुर
- गुरुकृपा हॉस्पिटल, अनूपपुर




- न्यू लाइफ हॉस्पिटल, अनूपपुर
- संगीता नर्सिंग होम, बिजुरी
- वी केयर हॉस्पिटल, अनूपपुर
- खेड़िया नेत्र चिकित्सालय, बिजुरी

**दुर्घटना के समय क्या करें**

घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं

अस्पताल में 'रोड एक्सीडेंट केस ' के रूप में दर्ज कराया जाता है

बाकी सभी प्रक्रिया अस्पताल एवं प्रशासन द्वारा पूरी की जाती है

**क्यों है यह योजना महत्वपूर्ण**

इलाज में नहीं होगी देरी

आर्थिक बोझ से राहत

समय पर उपचार से जीवन बचने की संभावना अधिक

**अनूपपुर पुलिस की अपील**

'हर सेकंड कीमती है। आपकी तत्परता किसी की जिंदगी बचा सकती है। पीएम राहत स्कीम के तहत इलाज की जिम्मेदारी शासन की है—आप बस मदद के लिए आगे बढ़ें।

# बोर्ड परीक्षा के परिणाम ही हमारे भविष्य की दिशा करते है तय: कलेक्टर










**बोर्ड परीक्षा का परिणाम विद्यार्थियों के करियर की एक महत्वपूर्ण शुरुआत: सीईओ जिला पंचायत**

**अनूपपुर कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत की सीईओ अर्चना कुमारी ने छात्र, छात्राओं को किया सम्मानित**

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिला शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा प्रत्येक विद्यार्थी के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव होती है, जिसके परिणाम ही उनके भविष्य की दिशा निर्धारित करते हैं। अनूपपुर जिले ने इस वर्ष अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि जिले के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इन विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और समर्पण के कारण ही जिले ने हाईस्कूल (कक्षा 10वीं) में प्रदेश में प्रथम तथा हायर सेकेंडरी (कक्षा 12वीं) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कलेक्टर श्री पंचोली आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम-2026 के अंतर्गत कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाले छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्टर श्री पंचोली ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बड़े सपने अवश्य देखने चाहिए, क्योंकि सपने ही सफलता की पहली सीढ़ी होते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने सपनों को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को सलाह दी कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से निर्धारित करें और उसी दिशा में आगे बढ़ें। साथ ही उन्होंने कहा कि अच्छे कॉलेज में प्रवेश लेकर उच्च शिक्षा प्राप्त करें तथा जो विद्यार्थी सिविल सर्विसेज, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, चार्टर्ड अकाउंटेंसी सहित अन्य क्षेत्रों में करियर बनाना चाहते हैं, वे अभी से पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाएं। कलेक्टर श्री पंचोली ने अभिभावकों से भी आग्रह किया कि वे अपने बच्चों के सपनों को समझें और उन्हें पूरा करने में हर संभव सहयोग प्रदान करें, ताकि विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।

इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने कहा कि कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह अत्यंत गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा का परिणाम विद्यार्थियों के करियर की एक महत्वपूर्ण शुरुआत होता है और यह उन्हें आगे बढ़ने की दिशा प्रदान करता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे निरंतर अधिक मेहनत करते हुए अपने सपनों को साकार करने का प्रयास करें। उन्होंने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जीवन में सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे अधिक से अधिक परिश्रम करें तथा अपने अभिभावकों, शिक्षकों और समाज का सम्मान करें, जिससे वे एक जिम्मेदार और सफल नागरिक बन सकें।

**कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के विद्यार्थियों का किया गया सम्मान**

कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने कार्यक्रम में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में स्थान अर्जित करने वाले कक्षा 10वीं की छात्रा खुशी साहू तथा कक्षा 12वीं के छात्र धीरज पांडेय को शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इसी प्रकार जिला स्तरीय मेरिट सूची में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों कविता दुबे, गायत्री देवी, पीयुष जोगी, आयुषी शर्मा, सृष्टि पांडेय एवं रिचा सिंह राठौर तथा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों शिप्रा शर्मा, आकांक्षा उपाध्याय, सक्षम गुप्ता, मोनिका राठौर, आदित्य ताम्रकार, संस्कृति मिश्रा, मनमोहन पाठक, गायत्री केवट एवं सिद्धार्थ साहू को भी शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे और उन्होंने अपने बच्चों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।

कार्यक्रम में अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सरिता नायक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो सहित विद्यार्थी एवं विद्यार्थियों के अभिभावक, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक तथा पत्रकार राजेश शिवहरे उपस्थित थे।

# कोतमा निवासी राम भुवन तिवारी की मृत्यु के मजिस्ट्रीटियल जांच हेतु लिखित साक्ष्य 18 अप्रैल को किए जा सकते हैं प्रस्तुत

(ब्यूरो राजेश शिवहरे)

**अनूपपुर।** प्रकाशित समाचार दिनांक 16.03.2026 ''बेटे के सामने तड़पते पिता ने तोड़ा दम, अस्पताल की लापरवाही से गई जान'' के अनुसार कोतमा निवासी राजकुमार तिवारी ने अपने पिता राम भुवन तिवारी को शनिवार 14 मार्च सायं 7:00 बजे सीने में दर्द होने की शिकायत होने पर कोतमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुँचे। ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर ने गम्भीरता से जांच किये बिना ही गैस की समस्या बताकर दवा दी और मरीज को घर भेज दिया। रात्रि 3.30 बजे अचानक रामभुवन तिवारी की हालत बिगड़ने व सीने में दर्द होने से परिजनों द्वारा दूसरी बार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा लाया गया। आरोप है कि उस समय ड्यूटी डॉक्टर रेस्ट रूम में आराम कर रहे थे। परिजनों को लगभग आधा घंटा तक दरवाजा खटखटाना पड़ा तब जाकर डॉक्टर बाहर आए। इस दौरान मरीज लगातार दर्द से तड़पता रहा तथा पीड़ित रामभुवन तिवारी की मृत्यु हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा के डॉक्टर के. एल. दीवान मुख्यालय में नहीं रहते हैं, लगभग 26 कि.मी. दूर बिजुरी में निवास बनाए हैं।



उक्त प्रकाशित समाचार के तथ्यों के अनुसार प्रथम दृष्टया मृतक रामभुवन तिवारी की मृत्यु का कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में तत्कालीन समुचित इलाज नहीं होना प्रतीत होता है। जिस कारण क्षेत्र में आमजन के समुचित और व्यवस्थित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकों की उपस्थिति, दवा आदि की उपलब्धता एवं आए हुए मरीजों के इलाज के संबंध में विस्तृत जांच कराये जाने हेतु उक्त घटना के कारण व बचाव के संबंध में विस्तृत मजिस्ट्रीटियल जांच हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री हर्षल पंचोली द्वारा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोतमा को आदेशित किया गया है। जिसके बिन्दु निर्धारित किये गये हैं कि-मृतक रामभुवन तिवारी निवासी कोतमा को कब और किन परिस्थितियों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में लाया गया ?, मृतक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचने के समय किस चिकित्सक की ड्यूटी थी और किसके द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा में भर्ती कर प्रारंभिक इलाज किया गया ? उक्त समय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किन किन चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मचारियों की ड्यूटी थी और कौन कौन उक्त दौरान उपस्थित थे ?, रामभुवन तिवारी को प्रारम्भिक चिकित्सा के दौरान किसके द्वारा और किन परिस्थितियों में वापस घर भेजा गया तथा दूसरी बार रामभुवन तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाने के दौरान कौन चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे और कितने बजे सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र लाया गया और कितने बजे उपचार प्रारम्भ किया गया ?, रामभुवन तिवारी का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किसके द्वारा और क्या-क्या ईलाज किया गया? विस्तृत विवरण ?, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मचारियों का नाम एवं उनके निवास की जानकारी ?, क्या रामभुवन तिवारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोतमा लाये जाने पर उनका समुचित उपचार किया गया व चिकित्सा के मान संचालन प्रकिया का पालन किया गया ?, जांच के दौरान पाये गये अन्य महत्वपूर्ण तथ्य या सामग्री ?

उक्त घटना की पुनरावृत्ति न हो इस हेतु आवश्यक सुझाव व पाये गये तथ्य का उल्लेख चाहा गया है। अतएव उपरोक्त बिन्दुओं के संबंध में जो व्यक्ति लिखित साक्ष्य/दस्तावेजी साक्ष्य एवं कथन देना चाहते हैं, तो वे 18 अप्रैल 2026 को प्रातः 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक न्यायालय अनुविभागीय दण्डाधिकारी कोतमा में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं।

# अमरकंटक में बढ़ती गर्मी: दिन में चुभन, रात में शीतलता बरकरार

**बढ़ते तापमान के बीच भी अमरकंटक की रातें दे रही सुकून भरी ठंडक**

**अनूपपुर/अमरकंटक।** मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक-आध्यात्मिक तीर्थ स्थल अमरकंटक में अब ग्रीष्म ॠतु ने अपनी दस्तक स्पष्ट रूप से दे दी है। दिन के समय तेज धूप और चुभन भरी गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है, वहीं शाम ढलते ही मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल जाता है और ठंडी हवाओं के साथ वातावरण सुहावना एवं सुकूनदायक हो उठता है। यही विशेषता अमरकंटक को अन्य स्थानों से अलग बनाती है।

गुरुवार, 16 अप्रैल 2026 को अमरकंटक का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस तथा न्यूनतम



तापमान 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 81 रहा, जो अपेक्षाकृत स्वच्छ वातावरण का संकेत देता है, जबकि आर्द्रता का स्तर 16 प्रतिशत रिकॉर्ड किया गया। प्रातः लगभग 11 बजे से शाम 5 बजे तक गर्मी का प्रभाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा रहा है। इस दौरान धूप की तीव्रता और तपिश लोगों को चुभन का एहसास करा रही है। वहीं शाम 6 बजे के बाद मौसम में अचानक शीतलता घुल जाती है और रात्रि का वातावरण अत्यंत खुशनुमा तथा ठंडक भरा हो जाता है। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि बीते 15 से 20 वर्षों में अमरकंटक के तापमान में धीरे-धीरे वृद्धि हुई है। उनका मानना है कि साल वृक्षों की कटाई, बढ़ती जनसंख्या और बाहरी हस्तक्षेप के कारण पर्यावरण संतुलन प्रभावित हुआ है। पहले 34 से 35 डिग्री सेल्सियस तापमान पहुंचते ही वर्षा हो जाया करती थी, जिससे गर्मी अधिक नहीं बढ़ पाती थी। वरिष्ठ नागरिकों के अनुसार, पहले मई-जून जैसे गर्म महीनों में भी अमरकंटक का मौसम इतना शीतल रहता था कि कूलर या वातानुकूलित यंत्रों की आवश्यकता नहीं पड़ती थी। साधारण पंखे से ही काम चल जाता था और कई बार रात्रि में हल्की ठंडक के कारण कंबल तक ओढ़ना पड़ता था। अब धीरे-धीरे अमरकंटक ग्रीष्म ॠतु की ओर अग्रसर है,आने वाले वैशाख,ज्येष्ठ एवं प्रारंभिक आषाढ़ माह में तापमान किस स्तर तक पहुंचेगा,यह आने वाला समय ही तय करेगा।

# दो बसों की आमने-सामने भिड़ंत 26 मुसाफिर बुरी तरह जख्मी





-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** दिमनी क्षेत्र में एनएच-552 पर गुरूवार की दोपहर तेज रफ्तार में विपरीत दिशाओं से आ रहीं दो यात्री बसों की आमने-सामने भिड़ंत हो गईं। जिससे दोनों बसों में सवार दो दर्जन से अधिक मुसाफिर जख्मी हो गए। जिनमें 11 पुरुष, 7 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल है। हादसा रतीराम का पुरा टोल के पास होना बताया जा रहा है। घायलों को अंबाह एवं मुरैना जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक दिमनी थाना क्षेत्र में रतीराम का पुरा टोल के पास अंबाह से मुरैना की ओर जा रही एक तेज रफ्तार यात्री बस की मुरैना से अंबाह जा रही यात्री बस से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। घटनास्थल के आसपास मौजूद लोग तुरंत मौके पर पहुंचें और दुघर्टनाग्रस्त हुई बसों में फंसे यात्रियों को बाहर निकालकर अंबाह एवं मुरैना जिला अस्पताल के लिए भेजा। 5 घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि 21 घायल मुरैना के जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किए गए है। दिमनी पुलिस ने दोनों बसों को जब्त कर लिया है।

### हादसे में ड्राईवर समेत 26 मुसाफिर जख्मी, 11 पुरुष, 7 महिलाएं

1. सुमन 53 पत्नी जगत सिंह तोमर नि. रुधावली महुआ
2. मानसी 16 पुत्री हरभूषण राजावत नि. आगरा
3. प्रमोद राजावत 48 पुत्र भगवान सिंह नि. नयागांव भिंड
4. सूर्यकांत 40 पुत्र फेरन राजावत नि. नयागांव भिंड
5. जनवेद 45 पुत्र भागीरथ नि. शिवपुरी
6. नकुल तोमर 50 पुत्र नरसिंह तोमर नि. कौंथर पोरसा
7. रामबेटी 60 पत्नी बचन सिंह नि. रिठौरा का पुरा दिमनी
8. अनीता 35 पत्नी जितेन्द्र माहौर नि. बीलपुर कुथियाना
9. फिरंगी 50 पुत्र गोपाल सिंह नि. परदू का पुरा पोरसा (ड्राईवर)
10. भूरी तोमर 60 पत्नी रामसहाय तोमर नि. रतनबसई, अंबाह
11. बृजमोहन 40 पुत्र रामगोविंद शर्मा नि. मुरैना
12. प्रिंस जाटव 01 पुत्र अनिल जाटव नि. दोहरी अंबाह
13. रानी 23 पत्नी अनिल जाटव नि. दोहरी अंबाह
14. नीरज 24 पत्नी भूरा कुशवाह नि. अंबाह
15. भूरा कुशवाह 30 पुत्र नत्थी कुशवाह नि. अंबाह
16. अजब सिंह तोमर 55 पुत्र पंचम सिंह तोमर नि. मेंहदौरा पोरसा
17. अरविंद तोमर 38 पुत्र रामनरेश तोमर नि. किर्रायच पोरसा
18. राखी तोमर 24 पत्नी रवि तोमर नि. कौंथरखुर्द पोरसा
19. चिंकू तोमर 03 पुत्र रवि तोमर नि. कौंथरखुर्द पोरसा
20. सनी तोमर 05 पुत्र रवि तोमर नि. कौंथरखुर्द पोरसा
21. नरेश सिंह 70 पुत्र दाताराम तोमर नि. कुथियाना अंबाह
22. बंटी 26 पुत्र मुन्ना सिंह गुर्जर नि. रिठौरा का पुरा दिमनी। पांच अन्य घायलों को सिविल अस्पताल अंबाह में भर्ती कराया गया है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उत्थान के लिए सतत प्रयासरत्: महापौर

## विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से मिलेगी नई दिशा : जिपं अध्यक्ष





## डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम से महिला सशक्तिकरण रैली को जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण को समर्पित ''नारी शक्ति वंदन'' कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को टाउन हॉल, मुरैना में गरिमामय रूप से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज में नारी शक्ति की भूमिका, महत्व एवं सशक्तिकरण के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव अंबेडकर स्टेडियम से महिला शक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। इस रैली को महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर एवं प्रभारी कलेक्टर कमलेश कुमार भार्गव ने संयुक्त रूप से रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए टाउन हॉल पहुंची, जहां यह एक सभा में परिवर्तित हो गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने कहा कि नारी शक्ति का महत्व समझना समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ''सशक्त नारी, समर्थ समाज'' के मूल मंत्र को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं और इस दिशा में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आरती गुर्जर ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उन्होंने उज्ज्वला गैस योजना, स्व-सहायता समूह, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण, जनधन योजना तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख किया। साथ ही उन्होंने बताया कि पंचायतों एवं नगरीय निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण के अतिरिक्त अब विधानसभा एवं लोकसभा चुनावों में भी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। कार्यक्रम के दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कृष्णकांता तोमर, श्रीमती रीना डंडोतिया एवं श्रीमती मंजू सिकरवार सहित अन्य वक्ताओं ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार व्यक्त किए।उल्लेखनीय है कि प्रदेश सरकार द्वारा 10 से 25 अप्रैल 2026 तक ''नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा'' का आयोजन किया जा रहा है। इस अवधि में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के उत्थान हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ के सांची स्मार्ट पार्लर का हुआ शुभारंभ

## प्रतिबंधित सामग्री बेचने वाले एवं अवैध सांची मिल्क पार्लरों को हटाने की होगी कार्यवाही

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** मुरैना शहर में मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार स्मार्ट सिटी अवधारणा के तहत स्मार्ट सांची मिल्क पार्लर का उद्घाटन नगर निगम उपायुक्त एल.एस. डोडिया एवं ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मो. राशिद एवं नवागत सीईओ बलवीर शर्मा द्वारा न्यू बस स्टैंड के सामने और पुराने बस स्टैंड के सामने स्थित स्मार्ट सांची मिल्क पार्लरों का 16 अप्रैल, 2026 को उद्घाटन किया गया।




इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोहम्मद राशिद ने बताया कि ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ एक किसानों की संस्था है, जिसका उद्देश्य किसानों से उच्च गुणवत्ता वाला दूध अधिक से अधिक खरीदा जाता है और उसे प्रसंस्कृत कर उससे विभिन्न प्रकार के सांची दूध एवं प्रोडक्ट निर्मित कर उन्हें बाजार में विक्रय किया जाता है। किसानों को समय पर दूध का भुगतान कर उन्हें अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाता है। सांची दूध एवं प्रोडक्ट के विक्रय में वृद्धि हो, के उद्देश्य से सभी सांची मिल्क पार्लरों को मोडिफाई कर उन्हें और अधिक आकर्षित बनाया जा रहा है।

इसी क्रम में मुरैना शहर में आज 02 स्मार्ट मिल्क पार्लरों का उद्घाटन किया गया है। उद्घाटन के दौरान नगर निगम उपायुक्त श्री डोडिया ने बताया कि मध्यप्रदेश शासन की मंशानुसार ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ से समन्वय कर मुरैना शहर के सभी सांची पार्लरों को आकर्षक बनाए जाने वाली मुहिम में नगर निगम मुरैना का पूरा सहयोग रहेगा। ऐसे पार्लर संचालक जो पार्लर के अंदर गंदगी रखते हैं एवं सांची दूध एवं दुग्ध उत्पाद नहीं बेचते हैं और पार्लर से गुटखा, तंबाकू सिगरेट इत्यादि प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय करते हुए पाए गए तो ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ एवं नगर निगम मुरैना की टीम संयुक्त रूप से कार्यवाही करते हुए उनका आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

# चंबल नदी से रेत उत्खनन एवं परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध, एसएएफ बल की तैनाती

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर सख्ती बरतते हुए प्रशासन ने चंबल नदी से रेत के उत्खनन एवं परिवहन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। इस संबंध में टास्क फोर्स की बैठक में प्रभारी कलेक्टर कमलेश कुमार भार्गव द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए।



निर्णय के तहत चंबल नदी के प्रमुख स्थानों- राजघाट, भानपुर, देवरी एवं सिकरोदा नहर तिराहापर एसएएफ (स्पेशल आर्म्स फोर्स) की तैनाती की गई है। इन स्थानों पर स्थापित कैंपों के माध्यम से अवैध उत्खनन एवं रेत के भंडारण, परिवहन की सतत निगरानी सुनिश्चित की जाएगी।

प्रभारी कलेक्टर कमलेश कुमार भार्गव एवं पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने पुलिस, खनिज, वन विभाग एवं एसएएफके अधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से संबंधित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी कैंपों का जायजा लिया गया तथा बल की तैनाती एवं कार्यप्रणाली को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। मौके पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं पाई गई।

प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी परिस्थिति में चंबल नदी से रेत का उत्खनन या परिवहन न होने दिया जाए। एसएएफ बल द्वारा 24×7 सतत निगरानी रखी जाएगी तथा उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध त्वरित और कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर संबंधित वाहनों को तत्काल जप्त कर एफआईआर एवं पीओआर दर्ज किए जाएंगे। साथ ही, जब्त वाहनों को राजसात कर शीघ्र नीलामी की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र डावर, खनिज अधिकारी सुखदेव कुमार निर्मल, रक्षित सब-निरीक्षक जोगेन्द्र सिंह परिहार, थाना प्रभारी सरायछोला के.के. सिंह, कमांडर एवं वन विभाग के रेंजर अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वेः उचित मुआवजा नहीं तो 30 से आंदोलन

### -किसान संघर्ष समिति एवं जिला कांग्रेस ने प्रशासन को दी चेतावनी

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** ग्वालियर-आगरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे में किसानों से उनकी जमीनें छीनी जा रहीं है, जिसके बदले उन्हें उन्हें उचित मुआवजा राशि नहीं दी जा रही। यदि समय रहते प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया तो किसान संघर्ष समिति एवं जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 30 अप्रैल से किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन, भूख हड़ताल और अर्धनग्न प्रदर्शन करेंगे।

यह बात जिला किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामप्रकाश सिंह गुर्जर ने पत्रकार वार्ता में कही। प्रेसवार्ता में कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर ने कहा कि ग्रीनफील्ड के बजाय आगरा-ग्वालियर के बीच साधारण हाईवे का निर्माण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मप्र के सीएम के गृह जिले में किसानों को अधिग्रहण के बदले 4 गुना मुआवजा दिया जा रहा है, जबकि चंबल अंचल में किसानों को उचित मुआवजा नहीं दे रहे। किसानों के विरुद्ध सरकार के इस दोहरे रवैये के विरोध में कांग्रेस पार्टी किसानों के संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर लड़ेगी। विधायक दिनेश गुर्जर, पंकज उपाध्याय ने कहा कि सरकार की मनमानी के विरोध और उचित मुआवजे की मांग को लेकर कांग्रेस एवं किसानों की ओर से कई बार ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को दिए जा चुके है।

**कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला मुरैना**
(योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र. शासन)
पता :- जिला पंचायत गर्ल्स कॉलेज रोड जिला- मुरैना (म.प्र.)
फोन नं.- 07532-227811 E-Mail : mor_dcjap@rediffmail.com
Web Site : www.mpjap.org

क्र./225/ ज.अ.प./निविदा वाहन/2026 मुरैना, दिनांक- 13.04.2026

**आम सूचना**

जिला कार्यालय म.प्र. जन अभियान परिषद मुरैना को वर्ष 2026-27 हेतु एक टेक्सी परमिट वाहन बोलेरो/कार मासिक या दैनिक दर (डीजल सहित एवं डीजल रहित) के आधार पर किराये से आवश्यकता है। जिस हेतु निविदा विज्ञप्ति प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर जिला कार्यालय में जमा करें। प्राप्त निविदा अगले दिवस कार्यालय, जिला समन्वयक म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला मुरैना द्वारा गठित समिति के समक्ष खोली जावेगी। जिस पर परिषद द्वारा निर्धारित समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। समिति के समक्ष निविदाकर्ता उपस्थित रह सकते हैं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा। आवेदन फॉर्म कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

(सतीश सिंह तोमर)
जिला समन्वयक
म.प्र. जन अभियान परिषद, जिला मुरैना

# नगरा पुलिस ने दो आरोपी व दो बाल अपचारी पकड़े, माल मशरुका बरामद

**मुरैना।** पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में आर्म्स एक्ट संबंधी की घटनाओं की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अपराधों में संलिप्त आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अम्बाह रवि सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना नगरा पुलिस द्वारा 04 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 315 बोर का अवैध देशी कट्टा, 04 जिंदा राउण्ड एवं 01 कार कुल मशरूका कीमती 03 लाख से अधिक का जब्त किया गया।



दिनांक 16.04.2026 को थाना नगरा पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति वारदात करने की नीयत से हथियार लेकर कार से थाना क्षेत्र में आए हैं । मुखबिर की उक्त सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना नगरा पुलिस द्वारा यात्री प्रतीक्षालाय अटेर रोड पोरसा पर दबिश देकर वहां खड़ी कार को चैक किया, तो उसमें 04 व्यक्ति बैठे थे जिनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से 315 बोर का 01 अवैध देशी कट्टा, 04 जिंदा राउण्ड मिले, जिसके संबंध वैध दस्तावेज चाहे गये जो ना होना बताया गया । तदोपरांत उक्त अवैध हथियार एवं 01 कार को जब्त कर मौके से 02 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया एवं उनके साथी 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बाद थाना वापसी पर अप.क्र. 36 / 26 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तारशुदा 02 आरोपीगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# पत्नी की हत्या के आरोपी पति को आजीवन कारावास

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना/जौरा।** पत्नी की हत्या के आरोपी पति को माननीय न्यायालय से आजीवन कारावास के साथ 10000 के अर्थ दंड की सजा भी सुनाई है।



लोक अभियोजक अरविंद त्यागी से मिली जानकारी के अनुसार 02 सितंबर 2024 आरोपी सतीश जाटव पुत्र रामचरण जाटव निवासी शीतलपुर थाना जौरा का दामाद बनवारी जाटव पुत्र शंकर सिंह जाटव निवासी ग्राम बिचौला थाना नूराबाद अपनी ससुराल शीतलपुर आया था। रात में सभी लोग खाना खाकर सोने चले गए। रात्रि में बनवारी का झगड़ा उसकी पत्नी राखी से शराब को लेकर हुआ था। बनवारी शराब पीने का आदी था। घटना वाली रात को भी दोनों में शराब को लेकर झगड़ा हुआ। इसी झगड़े में बनवारी ने अपनी पत्नी राखी की हत्या कर दी। हत्या कर रात्रि में ही अपनी ससुराल सीतलपुर से मोटरसाइकिल को बंद अवस्था में पैदल लेकर आ रहा था, तभी उसके गांव का हुकम सिंह उसे रास्ते वाले खेत पर मिल गया, तब हुकम सिंह ने पूछा रात्रि में तुम कहां जा रहे हो ? तब बनवारी ने कहा कि मुझसे गलत काम हो गया है। मैंने अपनी पत्नी राखी को मार दिया है। हुकम सिंह ने उक्त बात को गंभीरता से नहीं लिया। सुबह जब अपने खेत से घर आया तो सतीश के घर के बाहर लोग एकत्रित हो रहे थे, तब उसे पता चला कि रात में राखी की हत्या हो गई है। तब हुकम सिंह ने बनवारी की सारी बातें बताई, जिस पर से राखी के पिता सतीश ने थाना जौरा में अपनी पुत्री की हत्या की रिपोर्ट की न्यायालय में अभियोजन की ओर से ए साक्ष्य पर से न्यायालय श्रीमान द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ने आरोपी बनवारी पुत्र शंकर सिंह जाटव को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा के साथ 10000 के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

# ग्रीष्म ऋतु में रखें विशेष सावधानी, तापघात से बचाव हेतु अपनाएं जरूरी उपाय

-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-

**मुरैना।** ग्रीष्म ऋतु में तापमान बढ़ने एवं गर्म हवाओं (लू) के प्रभाव से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। विशेष रूप से वृद्धजन, बच्चे, खिलाड़ी एवं धूप में कार्य करने वाले श्रमिक वर्ग इस मौसम में अधिक जोखिम में रहते हैं। अत्यधिक गर्मी एवं तापघात के प्रमुख लक्षणों में पसीना न आना, त्वचा का गर्म, लाल एवं शुष्क होना, मतली, सिरदर्द, अत्यधिक थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोशी तथा पुतलियों का सिकुड़ना शामिल हैं। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल सतर्कता बरतना आवश्यक है।



तापघात से बचाव हेतु नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में पानी पीने एवं खाली पेट न रहने की सलाह दी गई है। साथ ही शराब, चाय एवं कॉफी के अत्यधिक सेवन से बचें। ठंडे पानी से स्नान करें, सिर को ढककर रखें तथा हल्के रंग के ढीले एवं पूर्ण आस्तीन वाले वस्त्र पहनें।बच्चों को कभी भी बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें। दोपहर 12 बजे से 4 बजे के बीच अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें। धूप में नंगे पैर न चलें तथा अत्यधिक भारी कार्य करने से परहेज करें। यदि बाहर निकलना अनिवार्य हो, तो छतरी एवं धूप के चश्मे का उपयोग करें तथा घर से निकलने से पूर्व कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पिएं। बुखार या तापघात की स्थिति में तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र/अस्पताल से संपर्क कर आवश्यक उपचार प्राप्त करें।ओ.आर.एस. घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी एवं ताजे फ्लों के रस का सेवन शरीर को हाइड्रेट रखने में सहायक होता है और गर्मी के प्रभाव से बचाव में उपयोगी है।उपरोक्त सावधानियां अपनाकर हम स्वयं को एवं अपने परिवार को ग्रीष्म ऋतु के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रख सकते हैं।

**कार्यालय नगर पालिक निगम मुरैना (म.प्र.)**

क्रमांक/राजस्व/2026 //नामांतरण विज्ञप्ति (उज्जदारी)// मुरैना, दिनांकः- 16.04.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि म.प्र. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 धारा 167 के तहत भूमि/भवन स्वामियों द्वारा सम्पत्ति कर पंजी में नामांतरण हेतु आवेदन विधिवत शुल्क जमा कर इस कार्यालय में निम्नानुसार प्रस्तुत किये गये हैंः-

| क्र. | भूमि/भवन एवं वार्ड क्रमांक | भूमि/भवन क्रेता/ अन्तरणगृहीता स्वामी का नाम | भूमि/भवन विक्रेता/ अन्तरणकर्ता | नामांतरण /अन्तरण का आधार एवं क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 577/35 का अंशभाग नया वार्ड 41, डॉ. कौशल वाली गली रविदास नगर मुरैना | श्रीमती रेखा जादौन पत्नी रघुनंदन सिंह जादौन निवासी- ग्राम गुनापुरा हुसैनपुर तहसील जौरा जिला मुरैना | स्व. फिरंगी सिंह तोमर पुत्र विद्याराम सिंह के बजाय अशोक सिंह तोमर, किशोर सिंह तोमर पुत्रगण स्व. फिरंगी सिंह तोमर | विक्रय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 2 | 1530/35, नया वार्ड 41 का अंशभाग 885.5 वर्गफीट टी.आर. पुरम कॉलोनी मुरैना | विवेक शर्मा पुत्र रमेशचन्द्र शर्मा निवासी- अलोपी गली कैलारस जिला मुरैना | राहुल मित्तल, आशीष मित्तल पुत्रगण प्रमोद कुमार मित्तल | विक्रय पत्र, पटवारी खसरा |
| 3 | 17/20, नया वार्ड 17 कदम सिंह वाली गली दत्तपुरा मुरैना | संतोषीलाल बाँदिल पुत्र स्व. शंकरलाल बाँदिल निवासी- कदम सिंह वाली गली दत्तपुरा मुरैना | स्व. श्रीमती गीता देवी पत्नी संतोषीलाल | मृत्यु प्रमाण पत्र, सजरा शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र |
| 4 | 115/23, नया वार्ड 23 लोहिया बाजार मुरैना | मुकेश गोयल पुत्र स्व. जगदीशचन्द्र गोयल निवासी- लोहिया बाजार मुरैना | स्व. जगदीशचन्द्र गोयल पुत्र स्व. हरिश्चन्द्र गोयल | नोटेरी का वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 5 | 42/13, पुराना वार्ड 38 का अंशभाग, एम.एस. रोड मुरैना | बलदेव सिंह यादव पुत्र स्व. रामभजन, दिनेश, शशिपाल, विजयलक्ष्मी, सुमनलता, अर्चना, अनीता पुत्र/पुत्री बलदेव निवासी- एम.एस. रोड मुरैना | स्व. रामभजन सिंह पुत्र स्व. मनोहर सिंह | मृत्यु प्रमाण पत्र, पटवारी खसरा, पुराना विक्रय पत्र, सजरा शपथ पत्र |
| 6 | 42/13, पुराना वार्ड 38 का अंशभाग, एम.एस. रोड मुरैना | सुनील यादव, प्रेमाबाई, सरला पुत्र/पुत्री स्व. प्रताप सिंह, निवासी- एम.एस. रोड मुरैना | स्व. प्रताप सिंह पुत्र स्व. मनोहर सिंह | मृत्यु प्रमाण पत्र, पटवारी खसरा, पुराना विक्रय पत्र, सजरा शपथ पत्र |
| 7 | 42/13, पुराना वार्ड 38 का अंशभाग, एम.एस. रोड मुरैना | राजेन्द्र सिंह पुत्र स्व. चन्दन सिंह, बच्चू सिंह, शान्ता, लाखन सिंह, रामवती, गजेन्द्र, महादेवी, राय सिंह बगैराह पुत्र/पुत्री स्व. चन्दन सिंह निवासी- एम.एस. रोड मुरैना | स्व. चन्दन सिंह पुत्र स्व. मनोहर सिंह | मृत्यु प्रमाण पत्र, पटवारी खसरा, पुराना विक्रय पत्र, सजरा शपथ पत्र |

अतः उपरोक्त भूमि/भवन पर नामांतरण किए जाने में किसी भी खास/परिवारीजन/आम व्यक्ति अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के अंदर 15 दिवस इस कार्यालय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा नामांतरण प्रकरण में कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। सूचित हों।

राजस्व प्रभारी
नगर पालिक निगम, मुरैना

# बुनियादी सुविधाओं के लिए आमजन न हो परेशानः प्रद्युम्न सिंह तोमर

## ऊर्जा मंत्री ने सड़क, सीवर, नाला एवं विद्युत के कार्यों की समीक्षा

**ग्वालियर।** सड़क, सीवर, नाला और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए जनता को दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़ें इसका अधिकारी ध्यान रखें। बरसात से पहले जहां नाला बनना है उसका कार्य शीघ्र पूर्ण करें जिससे जलभराव की स्थिति न बने। यह बात शासकीय कार्यालय क्रमांक 38 पर आयोजित एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कही।



ऊर्जा मंत्री तोमर ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान बैठक में नवीन नाला निर्माण एवं नालों की सफाई पर विस्तृत चर्चा की जिसमें गेंडे वाली सड़क के नाले सफाई नहीं पर नाराजगी व्यक्त तथा नाले की सफाई का स्थाई समाधान संबंधित अधिकारियों से मांगा तथा निर्देश दिए उपनगर ग्वालियर में स्थित सभी नालों का निरीक्षण कर एक हफ्ते में उनकी वास्तविक स्थिति के बारे में अवगत करायें कि कौन सा नाला बनना है तथा किस नाले की मरम्मत की जानी एवं किस नाले की सफाई करनी है। इसके साथ ही निर्देश दिए कि बरसात से पहले जहां नाला बनना है उसका कार्य शीघ्र पूर्ण करें जिससे जलभराव की स्थिति न बने। बैठक में सीवर लाइन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि जो कार्य स्वीकृत हो गए हैं उनका कार्य शीघ्र प्रारंभ करें। बैठक में जगह जगह सड़क के डेमेज होने पर ऊर्जा मंत्री तोमर ने नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि शीघ्र ही रोडों की मरम्मत का कार्य किया जाए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में स्ट्रीट लाइट की समीक्षा के दौरान मंत्री ने कहा कि स्ट्रीट लाइट दिन में भी जलती हैं, उनमें सेंसर लगायें या अन्य व्यवस्था करे, दिन में लाइट कहीं भी नहीं जलना चाहिए। बैठक में अपर कलेक्टर सीबी प्रसाद, अपर आयुक्त प्रदीप तोमर, एसडीएम सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ अधिकारियों से भी की चर्चा

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शहर विकास के विभिन्न बिंदुओं को लेकर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की। जिसमें पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बनाई जाने वाली सड़कों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही एडीएम को निर्देशित किया शहर विकास में जो भी अतिक्रमण बाधक बन रहे हैं, उन्हें तत्काल हटाने की कार्यवाही करें। इसके साथ ही अन्य विकास कार्यों को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए।

# प्रसिद्ध उद्योगपति नारायणहरि गुप्ता के सुपौत्र ओम गुप्ता ने सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्राप्त किए 467 अंक





**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** गत दिवस सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। घोषित परीक्षा परिणाम में सुप्रसिद्ध उद्योगपति श्री नारायणहरि गुप्ता के सुपौत्र तथा श्रीमती मयूरी-गौरव गुप्ता के पुत्र ओम गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूर्णांक 500 में से 467 अंक प्राप्त किए हैं। ओम गुप्ता डी.पी.एस. ग्वालियर के विद्यार्थी हैं। दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस द्वारा जब उनसे चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि किसी भी क्षेत्र में सफलता अर्जित करने के लिए लगन व व्यवस्थित कार्य बहुत जरूरी है। जहाँ तक बात विद्यार्थियों की है तो वे लगन के साथ-साथ अपने अध्ययन को निरंतरता प्रदान करें, तभी उन्हें सफलता प्राप्त हो सकती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में अनेक युवा अध्ययन पर कम व सोशल मीडिया पर ज्यादा ध्यान देते हैं, यही उनके भविष्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सोशल मीडिया से दूर रहना चाहिए। इसका उपयोग सिर्फ और सिर्फ अध्ययन के लिए करें। अनावश्यक रूप से स्मार्ट फोन का उपयोग न किया जाए। यही विद्यार्थियों के हित में है। उन्होंने अपनी सफलता के लिए अपने दादा श्री नारायणहरि गुप्ता सहित अपने माता-पिता व सभी परिवारीजनों व गुरुजनों का हृदय से आभार व्यक्त किया है तथा आशा जताई है कि भविष्य में भी उनका सहयोग मुझे इसी तरह से मिलता रहेगा। छात्र श्री गुप्ता की सफलता पर उनके इष्ट मित्रों आदि ने बधाई दी है।

# निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड पर हुआ हादसा दुर्भाग्यपूर्ण, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगीः ऊर्जा मंत्री तोमर

## -केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया ने घायल मजदूर की कुशलक्षेम पूछी, डाक्टरों को दिए बेहतर उपचार के निर्देश, ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने हादसे में घायल मजदूर को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से दी 1 लाख की सहायता, देखने अस्पताल पहुंचे









**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** शहर के यातायात को सुव्यवस्थित करने के लिए निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड पर शिफ्टिंग के दौरान मशीनों में हुई तकनीकी खराबी के कारण सीमेंट का गार्डर ब्लॉक गिरने की घटना की जानकारी मिलते ही ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने इस हादसे को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए उच्च स्तरीय जांच तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने ओपोलो अस्पताल पहुंचकर हादसे में घायल मजदूर के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा चिकित्सकों से चर्चा कर मजदूर के बेहतर उपचार के निर्देश दिये। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने मजदूर के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से एक लाख रुपए की सहायता देने की बात कही।

उल्लेखनीय है कि शहर के यातायात को सुव्यवस्थित बनाने के लिए जलालपुर से गिरवाई तक एलिवेटेड रोड का निर्माण हो रहा है। गुरुवार को शाम 4 बजे के लगभग खेड़ापति कॉलोनी में खेड़ापति मंदिर के समीप निर्माण कार्य के दौरान 35 फीट लम्बा सीमेंट का गार्डर शिफ्ट करते समय मशीन में आई तकनीकी खराबी के कारण अचानक गिर गया। जिससे एक मजदूर घायल हो गया। इस हादसे की सूचना ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को मिली, तो तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे और एलिवेटेड रोड का निर्माण करने वाली कम्पनी अधिकारियों से हादसे की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा कि हादसे की उच्च स्तरीय जांच होगी तथा जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी। ऊर्जा मंत्री घटना स्थल से सीधे अपोलो अस्पताल पहुंचे तथा हादसे में घायल मजदूर के उपचार के सम्बन्ध में चिकित्सकों से जानकारी ली तथा बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने घायल मजदूर के परिजनों से चर्चा करते हुए स्वेच्छानुदान निधि से एक लाख रुपए की सहायता देने की बात कही।

### केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया ने भी बात कर घायल मजदूर का हाल जाना

एलिवेटेड रोड पर हुए हादसे की खबर मिलते ही केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया ने वीडियो कॉल के जरिए घायल मजदूर से स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा बेहतर उपचार सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए। केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत सिंधिया ने ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से भी बात की तथा हादसे की पूरी जानकारी ली।

# कैट के प्रतिनिधि मण्डल ने एयरपोर्ट डायरेक्टर लोकेश कुमार यादव से मुलाकात की

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- ग्वालियर।** कान्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन, कैट यूथविंग के सचिव सचिन राजपूत, कैट कोर ग्रुप सदस्य रोटरी क्लब ग्वालियर अध्यक्ष रोहित जैन, संभागीय मीडिया प्रभारी डॉ.सौरभ खण्डेलवाल ने एयर पोर्ट डायरेक्टर लोकेश कुमार यादव से उनके कार्यालय पहुंचकर भेंट की। कैट पदाधिकारियों ने उन्हें कैट का लोकप्रिय कार्यक्रम चाय पर चर्चा के लिये सादर आमंत्रित किया। साथ ही ग्वालियर की हवाई सेवाओं के विस्तार के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि ग्वालियर के उद्योगपतियों एवं व्यापारियों की मांग के अनुसार ग्वालियर से इन्दौर, ग्वालियर से अहमदाबाद, ग्वालियर से पूना, ग्वालियर से दिल्ली नियमित उडानों की आवश्यक्ता है और इस संबंध में केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मिलकर आग्रह किया है। साथ ही कैट ने उन्हें चाय पर चर्चा के लिये आमंत्रण दिया। एयरपोर्ट डायरेक्टर लोकेश कुमार यादव ने कहा कि वह पूरा प्रयास कर रहे हैं कि ग्वालियर एयरपोर्ट से और अधिक उडाने हों इसके लिये ग्वालियर शहर वासियों को सामूहिक प्रयास करना चाहिये।



# करंट लगने से एक की मौत, एक घायल

**मुरैना।** माताबसैया थाना क्षेत्र के डोंगरपुर किरार गांव में गुरूवार की दोपहर बिजली के तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा बुरी तरह झुलस गया। जानकारी के अनुसार डोंगरपुर किरार निवासी राजेन्द्र यादव 60 पुत्र सोबरन सिंह यादव और मुकेश यादव 35 पुत्र रामचरन यादव गुरूवार की दोपहर अपने खेत से लौटकर घर जा रहे थे। इसी दौरान जब वे आमरास्ते से होकर गुजर रहे थे। तभी रास्ते पर टूटकर गिरे बिजली के तार की चपेट में मुकेश आ गया, राजेन्द्र ने मुकेश को दूर करने की कोशिश की तो उसे भी करंट का जोरदार झटका लगा। आसपास खेतों में मौजूद लोगों ने दौड़कर डंडे की मदद से राजेन्द्र और मुकेश को बिजली के तार से दूर किया और जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने मुकेश को मृत घोषित कर दिया।

# इनर व्हील क्लब व माहेश्वरी महिला मंडल की प्रेरक पहलः प्राथमिक विद्यालय में फर्नीचर उपलब्ध, बच्चों को मिला बेहतर शिक्षण वातावरण







**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- मुरैना।** इनर व्हील क्लब द्वारा अपने स्थायी प्रोजेक्ट के अंतर्गत माहेश्वरी महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में एक अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायक सामाजिक पहल की है। 5वीं बटालियन स्थित प्राथमिक शासकीय विद्यालय में इस पहल के तहत विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों के लिए चेयर, बेंच एवं टेबल के कुल 20 सेट उपलब्ध कराए गए। पूर्व में बच्चों को जमीन पर (टाट-पट्टी) पर बैठकर पढ़ाई करते हुए देखकर माहेश्वरी समाज के सदस्यों के मन में सेवा का भाव जागृत हुआ। इसी भावना से प्रेरित होकर सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि बच्चों के बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जावे। आज उसी संकल्प की परिणति के रूप में इनर व्हील क्लब एवं माहेश्वरी महिला मंडल के सदस्यों ने एकजुट होकर विद्यालय पहुंचकर इस सेवा कार्य को पूर्ण किया। यह पहल विशेष रूप से बच्चों के हित को ध्यान में रखते हुए की गई, ताकि उन्हें विधालय में उचित बैठने की सुविधा मिल सके और एक स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो, शिक्षा के प्रति उनका उत्साह और आत्मविश्वास बढ़े। निश्चित रूप से, ये बच्चे हमारे देश का भविष्य हैं। यदि उनका शिक्षा स्तर सुदृढ़ होगा, तो राष्ट्र का भविष्य भी उज्जवल होगा। इसी सकारात्मक सोच एवं सेवा भावना के साथ यह कार्य संपन्न किया गया। ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी बच्चों का भविष्य उज्जवल हो एवं वे शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर प्रगति करें।

इस अवसर पर क्लब प्रेजिडेंट श्वेता महेश्वरी, डॉ. हेमा सिंगल, डॉ. सुधा महेश्वरी, माया राठी, क्लब फाउंडर मेंबर करुणा जैन, सचिव साक्षी गोयल, ट्रेजरार अंजली जैन, रचना कोठारी, आरती कोठारी, प्रतीक्षा बांदिल, आस्था मंगल, पूजा मंगल, रुचि जैन, शालू जैन सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के माध्यम से इनर व्हील क्लब एवं माहेश्वरी महिला मंडल ने समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता, संवेदनशीलता एवं सहयोग की उत्कृष्ट मिसाल प्रस्तुत की है।

# युवराज शिवहरे ने 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व परिवार का नाम रोशन किया

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज- भोपाल।** गत दिवस सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। घोषित परीक्षा परिणाम में युवराज शिवहरे पुत्र विवेक शिवहरे पौत्र स्व. श्री नवल किशोर शिवहरे निवासी- सदर बाजार भिण्ड ने उक्त परीक्षा में 88.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। युवराज शिवहरे डी.पी.एस. नील वर्ल्ड भोपाल विद्यालय में अध्ययनरत् हैं। इनकी माँ का नाम श्रीमती मल्लिका शिवहरे है। वर्तमान में यह परिवार भोपाल में निवासरत् है। दैनिक हिन्दुस्तान एक्सप्रेस से चर्चा के दौरान युवराज शिवहरे ने कहा कि मन लगाकर किया गया अध्ययन विद्यार्थी को सफलता अवश्य दिलाता है। मैंने अपने गुरुजनों के मार्गदर्शन में क्रमबद्ध तरीके से अध्ययन किया। इसी का परिणाम है कि मुझे 88.6 प्रतिशत अंक मिल सके। उन्होंने कहा कि मैं आगे भी इसी तरह अपने अध्ययन का क्रम जारी रखूंगा। मेरा प्रयास होगा कि आगामी बोर्ड परीक्षा में और भी अधिक अंक प्राप्त कर सकूं। उन्होंने बताया कि जो विद्यार्थी इस वर्ष किन्हीं कारणों से असफल हुए हैं वे उन कारणों का पता लगाकर अपने अध्ययन को नियमित करें उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। अंत में उन्होंने अपने गुरुजनों व परिवारीजनों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। युवराज की सफलता पर अनेक लोगों ने बधाई दी है।



# अनुष्का शिवहरे ने सीबीएसई की 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्राप्त किए 91.6 प्रतिशत अंक

**-हिन्दुस्तान एक्सप्रेस न्यूज-**

**ग्वालियर।** गत दिवस सीबीएसई बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया। घोषित परीक्षा परिणाम में अनुष्का शिवहरे सुपुत्री श्री योगेश शिवहरे ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने परिवार का नाम रोशन किया। अपनी इस सफलता पर अनुष्का ने कहा कि एकाग्र मन से किया गया अध्ययन हमें सफलता की राह पर ले जाता है। मैंने वर्ष भर क्रमबद्ध तरीके से अध्ययन किया। मुझे मेरे परिवार व गुरुजनों का पूर्ण सहयोग मिला, इसी का परिणाम है कि मैं इतने अंक प्राप्त कर सकी। उन्होंने असफल विद्यार्थियों को अपना संदेश देते हुए कहा कि उन्हें निराश होने की कोई आवश्यकता नहीं है। बीती बातों को भूलकर वे आगामी समय में तरीके से अध्ययन करें, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी। अनुष्का शिवहरे ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवारीजनों व गुरुजनों को दिया है। उनकी इस सफलता पर अनेक लोगों ने बधाई दी है।






स्वामित्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए श्रीसिद्धीविनायक प्रिन्टर्स, 26 बी, प्रेस कॉम्पलेक्स जोन -1 एम.पी. नगर भोपाल मध्यप्रदेश से मुद्रित एवं 5-अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। आर.एन.आई नं. MPHIN/2007/18768
संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे 94251-26060, प्रबंध संपादक विकास शिवहरे 9770080488, संयुक्त संपादक- नीरज शिवहरे 9827359400, सहायक संपादक- संजय माकवे 9425375149, भोपाल कार्यालय- 5 अपूर्वा एन्क्लेव, अयोध्या बाईपास, भोपाल सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल न्यायालय होगा।